

07:12:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 331 epaper.rashtriyakhabar.com मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

अवृत्तिर्भयमंत्यानां मध्यानां मरणाद्भयम्।
उत्तमानां तु मर्त्यानामवमानात्परं भयम्॥

**भावार्थ :** दरिद्रों को जीविका न मिलने का भय होता है, मध्यम वर्गीय लोगों को मृत्यु का भय होता है, धनवान व्यक्ति को मात्र धन छिन जाने का भय होता है और श्रेष्ठ जनों को अपमानित होने का ही भय होता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 17.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .02 बजे
सूर्योदय (कल) » 06 .17 बजे

## किर्गिस्तान में इन्फ्लुएंजा के मामले आये सामने

**बिश्केक:** मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान के दक्षिण में ओश शहर में इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 के मामले सामने आये है। यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकरी दी। मंत्रालय के रोग निवारण और राज्य स्वच्छता और महामारी विज्ञान पर्यवेक्षण विभाग ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजों से पता चला है कि शहर में कई मरीज इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 पॉजिटिव है। मंत्रालय ने कहा कि यह बीमारी मौसमी है और देश में हर साल दर्ज की जाती है। प्रयोगशाला के परिणामों से देश में तीव्र श्वसन वायरल संक्रमण का पता चला है, जिसमें पैरेन्फ्लुएंजा, बोकावायरस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस, मौसमी कोरोनावायरस, एडेनोवायरस और मेटान्यूमोवायरस शामिल हैं। लेकिन बिश्केक में महामारी की स्थिति स्थिर है।

## गहरे अंतरिक्ष में संचार में सक्षम दूरबीन स्थापित

**कैनबरा:** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में बुधवार को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ संचार करने में सक्षम एक नया टेलीस्कोप स्थापित किया गया। आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में क्वांटम ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन से अंतरिक्ष में डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए अनुकूली ऑप्टिकल तकनीक तथा लेजर का उपयोग करता है, जिससे अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष मिशनों और उसके यात्रियों के साथ संचार और फिल्मांकन की अनुमति मिलती है। कैनबरा के पश्चिम में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) माउंट स्ट्रोमलो वेधशाला पर स्थापित यह स्टेशन उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान भी करेगा। एएनयू इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस के निदेशक अन्ना मूर ने बताया, वैश्विक संचार के लिए अगली पीढ़ी की क्षमता के मामले में यह विश्व में पहला है। स्टेशन का निर्माण ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) की सरकार और ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी की चंद्रमा से मंगल ग्रह की पहल के समर्थन से किया गया है।

## राहत गलियारे के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए दौरा

**निकोसिया:** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने साइप्रस से गाजा तक राहत पहुंचाने के लिए समुद्री गलियारे की स्थापना की अपनी पहल को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को मिस्र और जॉर्डन का दौरा किया। यहां राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि क्रिस्टोडौलाइड्स ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ परामर्श के लिए अम्मान जाने से पहले काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी के साथ बातचीत की। क्रिस्टोडौलाइड्स ने गाजा को सहायता के निरंतर हस्तांतरण के लिए एक गलियारा स्थापित करने और क्षेत्र में शांति की बहाली के लिए अन्य देशों के साथ काम करने के लिए साइप्रस की तत्परता दोहराई। क्रिस्टोडौलाइड्स की योजना अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता के लार्नाका बंदरगाह पर प्रेषण और भंडारण और दक्षिण में लगभग 370 किमी दूर फिलिस्तीनी एन्क्लेव में इसके हस्तांतरण का प्रावधान करती है।

## स्कूल में बम अफवाह पर फैली दहशत

**श्रीनगर:** जम्मू के एक निजी स्कूल में बुधवार को बम होने की फर्जी कॉल से दशहत फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्कूल के प्रबंधन को आज सुबह बम की धमकी भरा फोन आया। पुलिस ने कहा कि स्कूल अधिकारियों से सूचना मिलने पर उनकी टीम और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) घटनास्थल पर पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि बीडीएस ने स्कूल की तलाशी ली और कुछ नहीं मिला। सूत्रों ने कहा, फर्जी कॉल से स्कूल स्टाफ और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य है हालांकि स्कूल के बाहर पुलिस टीम तैनात है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**दावा** लंदन के अखबार ने किया दिल्ली के बड़े अस्पताल पर खुलासा

# अपोलो अस्पताल गुर्दे के अवैध कारोबार का केंद्र ?

- अखबार ने दलाल से भी बात की थी
- म्यांमार के गरीबों को प्रलोभन का धंधा
- पांच साल से यहां चल रहा है यह कारोबार



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** लंदन स्थित अखबार द टेलीग्राफ ने उस देश के अमीर रोगियों के लिए म्यांमार में गरीब लोगों से गुर्दे की अवैध खरीद में दिल्ली में अपोलो अस्पताल की भागीदारी का आरोप लगाया है। इस दैनिक दावा है कि हालांकि अंगों के लिए भुगतान करना भारत में अवैध है, म्यांमार में एक बिचौलिया ने अपने रिपोर्टर को बताया कि यह बड़ा व्यवसाय है। इसमें कहा गया है कि इसे वैध बनाने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाये जाते हैं ताकि दाता और अंग पाने वाले को रिश्तेदार बताया जा सके।

इस रिपोर्ट में एक अस्पताल के डॉक्टर का नाम है, का आरोप है कि इस तरह के अवैध प्रत्यारोपण में बहुत सारा पैसा हाथ बदलता जाता है। अखबार का दावा है कि उसे 58 वर्षीय मरीज के मामले से घोटाले की भनक मिली।

### आईएमसीएल के एक प्रवक्ता ने कहा

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आईएमसीएल के खिलाफ लगाए गए आरोप बिल्कुल झूठे, गलत जानकारी वाले और भ्रामक हैं। सभी तथ्य संबंधित पत्रकार के साथ विस्तार से साझा किए गए थे। प्रवक्ता ने कहा, स्पष्ट होने के लिए, आईएमसीएल प्रत्यारोपण प्रक्रियाओं के लिए हर कानूनी और नैतिक आवश्यकता का अनुपालन करता है, जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशानिर्देशों के साथ-साथ हमारी अपनी व्यापक आंतरिक प्रक्रियाएं भी शामिल हैं जो अनुपालन आवश्यकताओं से अधिक हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने आगे कहा कि आईएमसीएल को प्रत्येक दानकर्ता को अपने देश में उपयुक्त मंत्रालय द्वारा नोटरीकृत फॉर्म 21 प्रदान करना होगा। यह फॉर्म विदेशी सरकार से एक प्रमाणीकरण है कि दाता और प्राप्तकर्ता वास्तव में संबंधित हैं। आईएमसीएल में सरकार द्वारा नियुक्त प्रत्यारोपण प्राधिकरण समिति इस प्रमाणीकरण सहित प्रत्येक मामले के लिए दस्तावेजों की समीक्षा करती है और दाता और प्राप्तकर्ता का साक्षात्कार लेती है। यह आगे फिर से सत्यापन करता है प्रवक्ता ने कहा, देश के संबंधित दूतावास के पास दस्तावेज हैं। रोगियों और दाताओं को आनुवंशिक परीक्षण सहित कई चिकित्सा परीक्षणों से गुजरना पड़ता है। भारत के मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत, पति-पत्नी, भाई-बहन, माता-पिता और पोते-पोतियां जैसे करीबी रिश्तेदार अंग दान कर सकते हैं। अधिनियम द्वारा अनुमत मानवीय कारणों के मामलों को छोड़कर, अजनबियों से दान प्रतिबंधित है।

सितंबर 2022 में एक गुर्दे के लिए 8 मिलियन म्यांमार क्यूट का भुगतान किया है। इस प्रत्यारोपण को कथित तौर पर दिल्ली के अस्पताल में आयोजित किया गया था। दाता प्राप्तकर्ता के लिए एक पूर्ण अजनबी था। टेलीग्राफ रिपोर्टर ने तब एक बीमार चाची के रिश्तेदार के रूप में पेश किया, जिसे तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी, लेकिन उसके पास किसी भी परिवार के सदस्य नहीं थे। उन्होंने अपोलो के म्यांमार कार्यालय से संपर्क करने का दावा किया था और कहा गया था कि एक अजनबी को गुर्दे को दान करने के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें एक व्यक्ति द्वारा भी बताया गया था, जिसे उन्होंने अपोलो प्रतिनिधि के रूप में वर्णित किया था, कि म्यांमार में 80 फीसद प्रत्यारोपण की सुविधा अजनबी थी और केवल 20फीसद रिश्तेदार थे। इसमें कहा गया है कि, एजेंट, जो बातचीत के दौरान मौजूद था, ने कहा कि यह आदमी की किडनी के लिए लगभग 3,000 ब्रिटिश पौंड खर्च होगा और उसने खुलासा किया कि वह पिछले पांच वर्षों से इस तरह के दान की व्यवस्था कर रहा है। उन्होंने अंडरकवर रिपोर्टर को » पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर देने के मामले में

## गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन



राष्ट्रीय खबर

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिन दहाड़े श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी की हत्या कर देने के मामले की सघन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आज इस मामले की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एन एम के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की। श्री मिश्रा ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्त की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित होगा और इन अभियुक्तों के बारे में जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपए का इनाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस तत्परता से हत्यारों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस हत्याकांड के बाद उत्पन्न स्थिति के चलते प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की और इस संगठित अपराध से उपजे हालात पर निरंतर निगरानी रखे जाने की हिदायत दी।

राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राज्यव्यापी बंद के तहत अजमेर शहर आज बंद रहा। शहर में सुबह अधिकांश बाजार बंद रहे और आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं को छोड़कर प्रारम्भिक घंटों में बंद का असर देखने को मिला। अजमेर में करणी सेना से जुड़े कार्यकर्ता सुबह से ही केसरगंज, पड़ाव, मदारगेट, गांधी भवन, कचहरी रोड से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए निकले और कुछ खुली दुकानों को बंद कराया। करणी सेना कार्यकर्ता बंद के दौरान हत्यारों के का एनकाउंटर करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च » पेज 2 भी देखें

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति ने संसद में सवाल का लिखित जवाब दिया

## अभिनेता देव ने भाजपा को फर्जी आंकड़ों पर फंसा दिया

- भाजपा की तरफ से यही था आरोप
- यूपी का पैसा कभी नहीं रोका गया है
- अब नये सिरे से टीएमसी हमलावर हुई



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** पश्चिम बंगाल के घाटल से तृणमूल संसद देव ने लिखित रूप से जानना चाहा कि 100 दिनों के काम और मनरेगा परियोजना के तहत राज्यवाड़ी के कितने फर्जी जॉब कार्ड रद्द किए गए हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंगलवार को अभिनेता-सांसद देव के सवाल का लिखित जवाब दिया। इससे पता चलता है कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में देशभर में जितने फर्जी जॉब कार्ड रद्द किये गये हैं, उनकी संख्या बंगाल में बहुत कम है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक संख्या में जॉब कार्ड रद्द किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री की ओर से दिए गए पत्र के मिलने के बाद तृणमूल ने भाजपा पर हमला बोला है। दरअसल पश्चिम बंगाल की योजनाओं का पैसा रोके जाने के लिए भाजपा की तरफ से फर्जी जॉब कार्ड को ही एक मुद्दा बनाया गया था। अब मंत्री के जबाव से ही उस आरोप की हवा निकल गयी है और यह साफ हो गया है कि केंद्र ने जिस आरोप में बंगाल का पैसा रोका है, उसमें कोई दम नहीं है।

सांसद सह फिल्म अभिनेता देव ने मूल रूप से दो सवाल उठाए। एक, किसी भी राज्य में कितने जॉब कार्ड रद्द किये गये हैं। दो, क्या केंद्र सरकार ने फर्जी जॉब कार्ड रोकने के लिए कोई कदम उठाया है? केंद्रीय मंत्री ने लिखित में कहा, फर्जी कार्डों को रद्द करना और अपडेट करना एक सतत प्रक्रिया है। राज्य वह अभ्यास चला रहे हैं। फर्जी कार्ड रोकने के लिए आधार लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास » पेज 2 भी देखें

## नेपाल ने रूस से अपने नागरिकों को सेना में नहीं लेने को कहा



**काठमांडू:** नेपाल ने कहा कि उसने मॉस्को से कहा है कि वह उसके नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती न करे और रूस की सेना में सेवारत छह सैनिकों के मारे जाने के बाद वहां तैनात किसी भी नेपाली सैनिक को तुरंत इस हिमालयी राष्ट्र में वापस भेज दे। नेपाली सैनिक, जिन्हें गोरखा कहा जाता है, अपनी बहादुरी और युद्ध कौशल के लिए जाने जाते हैं, और 1947 में तीन देशों के बीच एक समझौते के तहत भारत की स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश और भारतीय सेनाओं की सेवा कर रहे हैं। चीन और भारत के बीच फंसे इस छोटे से हिमालयी राष्ट्र का रूस के साथ ऐसा कोई समझौता नहीं है, जिसने फरवरी 2022 में पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण किया और तब से युद्ध में लगा हुआ है। नेपाल सरकार ने एक बयान में कहा कि उसके छह नागरिक, जो रूसी सेना की सेवा कर रहे थे, मारे गए। इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार देर रात कहा, नेपाल सरकार ने रूसी सरकार से उनके शव तुरंत वापस करने और उनके परिवारों को मुआवजा देने का अनुरोध किया है। बयान में कहा गया है कि रूसी सेना में कार्यरत और यूक्रेन द्वारा पकड़े गए एक नेपाली नागरिक को रिहा कराने के लिए राजनयिक प्रयास चल रहे हैं। नेपाल ने अपने नागरिकों से किसी भी युद्धग्रस्त देश की सेना में शामिल नहीं होने का भी आग्रह किया। अंग्रेजी दैनिक, द काठमांडू पोस्ट ने मॉस्को में नेपाल के राजदूत मिलन राज तुलाधर के हवाले से कहा कि 150-200 नेपाली रूसी सेना में भाड़े के सैनिकों के रूप में काम कर रहे थे। काठमांडू में रूसी दूतावास ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। लाखों नेपाली नागरिक मुख्य रूप से दक्षिण कोरिया, मलेशिया और मध्य पूर्व में उद्योगों और निर्माण स्थलों पर मजदूर के रूप में नागरिक कार्यों में कार्यरत हैं। वैसे नेपाल के युवकों के रूस की सेना में शामिल होने की खबर पहले ही आ गयी थी। इनमें से अधिकांश को वैगनर समूह के साथ रखा गया था।

मणिपुर में 13 लोगों की हत्या के विरोध में इंफाल घाटी में बंद

## लालदुहोमा ने मिजोरम के नये मुख्यमंत्री होंगे

- 8 जोरामथंगा का एमएनएफ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** इंफाल घाटी और आसपास के जिलों के कई हिस्सों में कई लोगों के स्वैच्छिक बंद से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेंग्नौपाल जिले में चार दिसंबर की आधी रात को 13 लोगों की हत्या के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वतः स्फूर्त प्रतिक्रिया के तौर पर बंद का आह्वान किया था। इंफाल शहर सहित इंफाल घाटी के कई हिस्सों में वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, बाजार और स्कूल बंद रहे। जनता द्वारा स्वैच्छिक बंद के परिणामस्वरूप सामान्य जीवन प्रभावित हुआ। इंफाल घाटी के अलावा बिष्णुपुर और काकचिंग जैसे जिले भी स्वैच्छिक बंद से प्रभावित हुए। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा तेंगनौपाल जिले के लीथाओ गांव में मारे गए 13 लोगों का अंतिम संस्कार इम्फाल पूर्व जिले के तहत आंद्रो निर्वाचन क्षेत्र के तोरोंगथेल में किया गया।उनका आज तड़के करीब साढ़े तीन बजे सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया।जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) से कल शाम करीब साढ़े छह बजे पोस्टमार्टम के बाद 13 लोगों के शव सामूहिक दाह संस्कार स्थल पर लाए गए। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए कथित हमले में मारे गए कम से कम 13 लोगों को पांच दिसंबर को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया था।सूत्रों के अनुसार माची पुलिस थाने के तहत तेंगनौपाल जिले के लीथाओ गांव के पास जंगली इलाके में घात » पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** मधुमेह के मरीजों के लिए अच्छी जानकारी आयी

# अग्नाशय की नसों ने इंसुलिन उत्पादन किया

- चूहों पर किया गया प्रयोग सफल
- इंसुलिन उत्पादक कोशिकाएं बानी
- अभी परीक्षण के कई और दौर होंगे

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मधुमेह एक गुप्त शत्रु की तरह शरीर के अंदर से हमला करता है। इसकी रोकथाम के लिए दवा उपलब्ध हैं लेकिन इन दवाइयों के साइड एफेक्ट भी कोई अच्छे नहीं हैं। दुनिया में लगातार इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसके बीच ही यह सूचना आयी है कि अग्न्याशय से जुड़ी उत्तेजक नसें इंसुलिन-उत्पादक कोशिकाओं, चूहों के इस अध्ययन में सफलता के संकेत देती है। इंसुलिन एक हार्मोन है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करता है। इंसुलिन का उत्पादन करने वाली एकमात्र कोशिकाएं अग्नाशयी बीटा कोशिकाएं हैं, और इन कोशिकाओं में कमी मधुमेह का एक प्रमुख कारण है। यद्यपि अग्नाशय के इन कोशों को बढ़ाने के उद्देश्य से उपचारों का बेसब्री से इंतजार किया जाता है, एक रणनीति जो बीटा कोशिकाओं को बढ़ा सकती है, इस प्रकार अब तक विकसित नहीं हुई है। एक आशाजनक विकास में,



### इस विधि के सफल होने की वजह से ईलाज में एक नया अध्याय जुड़ गया

जब इमाई और उनके सहयोगियों ने इस विधि को इंसुलिन की कमी वाले मधुमेह के एक माउस मॉडल के लिए लागू किया, तो इन चूहों में अग्नाशय के बीटा कोशिकाओं के पुनर्जनन में मधुमेह का पुनर्जनन हुआ। यह अग्न्याशय से जुड़ी योनि नसों को उत्तेजित करके चूहों में मधुमेह के पहले सफल उपचार का प्रतिनिधित्व करता है। इमाई कहते हैं, हम आशा करते हैं कि हमारी उपलब्धियां मधुमेह के लिए नई रणनीतियों और निवारक तरीकों के विकास की ओर ले जाती हैं। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि यह उन तंत्रों की हमारी समझ को आगे बढ़ाएगा जो अग्नाशयी बीटा कोशिकाओं के कार्य और संख्या को विनियमित करते हैं, साथ ही साथ मधुमेह के कारण भी। इस विधि के सफल होने की वजह से जेनेटिक विज्ञान की मदद से गंभीर किस्म की बीमारियो के ईलाज में एक नया अध्याय जुड़ गया है। चूहों पर हुए प्रयोग के बाद इसे कई चरणों में और जांचा जाएगा। इन सभी के परिणाम सही निकलने की स्थिति में इसका इंसानों पर क्लीनिकल ट्रायल होगा। यदि वह तीन चरणों का क्लीनिकल ट्रायल भी सफल हुआ तो पूरी दुनिया में मधुमेह के ईलाज की पद्धति ही बदल जाएगी।

एक अनुसंधान समूह ने खुलासा किया है कि अग्न्याशय से जुड़ी स्वायत्त योनि नसों को उत्तेजित करने से फंक्शन में सुधार हो सकता है। चूहों पर किये गये प्रयोग में यह तकनीक सफल रही है और चूहों में अग्नाशय की बीटा » पेज 2 भी देखें

## महादेव एप के अभियुक्त के पिता मृत पाये गये

राष्ट्रीय खबर



**रायपुर:** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले में आरोपी नामित व्यक्ति के पिता छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए हैं। दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने कहा कि पिछले दो दिनों से लापता सुशील दास (62) का शव मंगलवार दोपहर अंडा थाना क्षेत्र के अछोटी गांव में एक कुएं में मिला और प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। मृतक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार मामले में कथित कैश कूरियर असीम दास के पिता थे। गर्ग ने बताया कि एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाला सुशील दास रविवार शाम से लापता था। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है, लेकिन मौत के पीछे का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। असीम दास और एक अन्य » पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### झारखंड में जदयू के लिए बहुत संभावना: अशोक चौधरी

रांची: बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखण्ड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में जदयू के लिए बहुत स्कोप है। कभी यहां पार्टी के 8 विधायक, मंत्री भी हुआ करते थे। बुधवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि झारखंड में अब लगातार पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम निरंतर जारी है। उम्मीद है कि पार्टी को अपेक्षित सफलता मिलेगी। जल्द ही पार्टी गतिविधियों को और रफ्तार देने तथा समीक्षा के लिए यहां बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी आयेंगे। इससे पहले बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पहुंचने पर जदयू नेता डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, अखिलेश राय, बैद्यनाथ पासवान, तेतरा महतो, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद, प्रवीण झा एवं अन्य ने उनका स्वागत किया।

**आयोजन** खरसावां को सीएम हेमंत सोरेन ने दी 370 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात, कहा

# विपक्ष को टीन के चश्मे से नहीं दिखता झारखंड का विकास : मुख्यमंत्री

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हेमंत सोरेन खरसावां के गोंदापुर मैदान में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी नीति और नीयत एक जैसी है। हम जनता से जो वादा करते हैं उसे निभाते हैं।

आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं, किसानों-मजदूरों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं और सेवाएं पहुंच रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों को 370 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल, जंगल और जमीन बचेगी तभी आदिवासी बचेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है, जब सरकार खुद पिछले 3 वर्षों से लगातार जनता के बीच आ रही है।

राज्य सरकार ने विकास का वह मॉडल तैयार किया है, जिस पर पिछली सरकार 20 साल तक भी काम करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण में वर्ष 2021 में सरकार को 35 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जबकि वर्ष 2022 में 55 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इससे साफ है कि पिछले 20 साल में पिछली सरकार ने सिर्फ दिखावा किया है, जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 साल की लड़ाई के बाद हमें अलग राज्य मिला, 20 साल की लड़ाई के बाद हम सरकार में शामिल हुए, विकास का खाका तैयार किया गया, लेकिन विपक्ष को ये सब नजर नहीं आता, क्योंकि विपक्ष को टिन के चश्मे से दिखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने बार-बार सरकार गिराने का प्रयास किया लेकिन, हर बार मुंह की खानी पड़ी, अब 29 दिसंबर को सरकार अपने 4 साल पूरे करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे अन्नदाता किसान समृद्ध होंगे तो राज्य समृद्ध होगा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना को सुदृढ़ और बेहतर बनाया जा रहा है, अब तक इस योजना के तहत किसानों को गाय और बकरियां मिलती थीं, लेकिन अब भैंस भी मिलती उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों की समृद्धि से आर्थिक प्रगति के साथ-साथ कुपोषण भी दूर होगा। अब किसान न केवल अंडे, दूध, मांस और मछली का प्रचुर मात्रा में उत्पादन करेंगे बल्कि उनका उपभोग भी करेंगे।

ऐसा करने से झारखंड से कुपोषण का नामोनिशान मिट जायेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को समृद्ध बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, इसी सिलसिले में सिद्धु-कान्हू वनोपज महासंघ का गठन किया गया है, अब वनोपज को सरकार खरीदेगी और उसका न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी निर्धारित होगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि किसानों को बाजार के बिचौलियों और दलालों से बचाया जा सके। सरकार धान उत्पादन में सुधार लाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक धान खरीद रही है, इसी सिलसिले में नई चावल मिलें भी स्थापित की जाएंगी, जिससे युवा चावल मिल खोलने में सक्षम हो सकेंगे।

## भाजपा एसएसी मोर्चा ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 68वीं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के रांची महानगर अध्यक्ष रामलगन राम के अध्यक्षता में अंबेडकर चौक डोरंडा रांची में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य निरज पासवान प्रमंडल के संगठन प्रभारी उपेन्द्र रजक आदि ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल अर्पण कर उनके जीवन और संघर्षों पर चर्चा किया मौके पर उपेंद्र कुमार रजक ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जीवन भर दलित शोषित वंचित की हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे उन्होंने इस वर्ग को शिक्षा,सामाजिक सुधार, रोजगार एवं राजनीतिक अधिकार के लिए संविधान में विशेष अधिकार दिए वह महान समाज सुधारक के साथ-साथ महान शिल्पकार थे आज के दौर में बाबा साहेब की जीवन और संघर्षों को सम्मान देने का काम देश के यस्सवी प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने दिया वर्तमान के भाजपा के सरकार के माध्यम से जन्मभूमि महू शिक्षा भेमि लंदन दिक्षा भूमि नागपुर महापरिनिव?न भूमि दिल्ली चैत्य भूमि मुबंई को सजाने संभालने का काम किया है। आज उनके दिए हुए अधिकारों से राजनीतिक लाभ ,शैक्षणिक लाभ एवं रोजगार को सकार भजपा कर रही है।

## राज्य सरकार के सकारात्मक नहीं होने के कारण अधर में लटकी हैं कई रेल परियोजनाएं: सेठ

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड में राज्य सरकार की सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण कई स्थानों पर रेलवे की परियोजनाओं पर कार्य नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि रांची में रेलवे के द्वारा कितने स्थान पर अंडरपास या रेलवे ऊपरी पुलों का निर्माण किया जाना है। उनकी संख्या क्या है। संसद में उन स्थानों का भी ब्यौरा मांगा गया था, जहां राज्य सरकार सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके अलावा सांसद ने पिछले 1 वर्ष के दौरान रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से प्राप्त हुए राजस्व की भी जानकारी भी मांगी थी। सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 6 ओवरब्रिज का निर्माण होना है। इसमें तीन रोड ओवर ब्रिज हैं। इसके अलावा 12 अंडर पास का भी निर्माण होना है। इसके आयोजन, प्रकरण और निष्पादन की कार्रवाई अलग-अलग चरणों में चल रही है। मंत्री ने यह भी बताया कि रांची में चुटिया पावर हाउस के पास नामकुम-रांची स्टेशन के बीच रेलवे फाटक के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है परंतु राज्य सरकार के द्वारा इसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसके अलावे रांची-पिस्का के पास नयासराय में रेल फाटक के समीप रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करना है। यहां पर रेलवे के द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है, जो अभी तक नहीं किया जा रहा है। वहीं रांची के ही मेकॉन कॉलोनी में एक अंडर ब्रिज का निर्माण रेलवे के द्वारा पूर्ण किया गया है। शेष कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जाना है। यह भी अभी तक पूर्ण नहीं किया जा सका है।केंद्रीय मंत्री ने सांसद को सदन में यह भी बताया कि मुरी जंक्शन के समीप 5.19 किलोमीटर लंबे सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसका डीपीआर भी तैयार हो चुका है।




## धनबाद मंडल कारा के जेलर एवं सभी पांचों कक्षपालों को निलंबित नहीं तुरंत सेवा से ही बर्खास्त करें हेमंत सोरेन:नायक

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** धनबाद मंडल कारा के जेलर एवं सभी पांचो कक्षपालों को निलंबित नहीं तुरंत सेवा से ही बर्खास्त करें हेमंत सोरेन सरकार ताकि आने वाले दिनों में ऐसी घटना को अंजाम देने से पूर्व भ्रष्ट काहिल पदाधिकारी इससे सबक ले सके उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह पुर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही । इन्होंने आगे कहा कि धनबाद जेल में किए गए हत्या के दोषी हथियारों को तुरंत फास्ट ट्रैक के माध्यम से अभिलंब सजा सुनिश्चित किया जाना चाहिए यह राज के लिए गंभीर विषय है कि हाई सिक्योरिटी वाले जेल में फायर आर्म्स पिस्तौल



एक नहीं दो दो कैसे पहुंच न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी को कैसे गोली मार कर हत्या कर दी गई जेल की सुरक्षा में कैसे चूक हुई उसके क्या कारण थे इसकी जांच उच्च स्तरीय सेवा निर्मित पांच सदस्य न्यायाधीशों से कराया जाना चाहिए और धनबाद के जेलर तथा सभी पांचो कक्षपालों के निजी चल अचल संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए।

श्री नायक ने आगे कहा कि झारखंड के जिलों की स्थिति भी बहुत ही खराब है राज्य में कुल 31 जेल है जिसमें 802 महिला समेत कुल 19041 बंदीयो को रखा गया है इनमें 5248 सजायाफ्ता कैदी है, और 13793 विचाराधीन कैदी बंदी हैं राज्य मे 7 केंद्रीय कारागार है 16 जिला जेल 7 सबडिविजनल और एक ओपन जेल है, इन 31 जेलों में 19 जेल में क्षमता से अत्यधिक बंदी हैं चतरा व लातेहार जिला में लगभग तीन गुना अधिक कैदी बंद है 16 जिला जेल में क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक बंदी बंद है जबकि गुमला में दोगुना से अधिक कैदी बंद है सेंट्रल जेल देवघर ,दुमका घाघीडीह व मेदिनीनगर की स्थिति भी अच्छी नहीं है देवघर में 335 की क्षमता के विरुद्ध 452 कैदी बंद है इनमें से 126 सजायाफ्ता है और 326 विचाराधीन, दुमका में 709 सजायाफ्ता और 549 विचाराधीन कैदी है रांची के कोटवार केंद्रीय कारागार में सबसे अधिक 3355 बंदी है जिसमे 1388 सजायाफ्ता है और दूसरे नंबर पर हजारीबाग का सेंट्रल जेल है जहां 1821 में से कुल 1078 सजायाफ्ता कैदियों की संख्या 1036 विचाराधीन कैदी है यहां कुलबंदी 1885 है जो चिंता का विषय है । राज्य सरकार और सभी न्यायालयो को इस बिन्दु पर गंभीर विचार करना चाहिए ताकि कैदियों की संख्या कम किया जा सके ।

### नेता प्रतिपक्ष के साथ नये अंदाज में दिखेगी भाजपा

## 15 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा। झारखंड के राज्यपाल ने इससे संबंधित प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। 15 दिसंबर से शीतकालीन सत्र आहूत होगा जो 22 दिसंबर तक चलेगा। छह कार्य दिवस होंगे। इस दौरान द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश किया जायेगा। कई विधेयक भी इसमें पेश किये जायेंगे।विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बार भाजपा नए तेवर में दिखेगी। अब पार्टी अपने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अगुवाई में सरकार को घेरते दिखाई देगी। इससे पूर्व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने अपना नेता प्रतिपक्ष बना रखा था पर उन पर विधानसभा में दल बदल का केस चल रहा है। हालांकि पिछले करीब 4 सालों से बाबूलाल ही सदन में भाजपा की अगुवाई कर रहे थे। लेकिन पिछले दिनों पूर्व मंत्री और विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष चुन लिया जिसे कैबिनेट से भी स्वीकृति मिल चुकी है।अब इसके बाद से माना जा रहा है कि अगले साल के आखिर में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तक बाउरी अपनी भूमिका जोरदार तरीके से निभाएंगे। पिछले दिनों पांच में से तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में आए।

**राजनीति** 2024 में राज्य की सभी 14लोकसभा सीट जीतेगा एनडीए

# हेमंत सोरेन में आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं:बाबूलाल

▶▶ झारखंड में बनेगी भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य में हो रही भारी बारिश के बीच अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा संथाल परगना में आयोजित मोटर साईकिल रैली का नेतृत्व किया। दो दिवसीय मोटर साईकिल रैली के द्वितीय चरण का आज दूसरा दिन था।श्री मरांडी ने बीती रात कुमारभजा गांव के आवासीय विद्यालय में रात्रि विश्राम किया। ग्रामीणों की समस्या से प्रत्यक्ष रूबरू हुए। आज की रैली में कुमारभाजा ,लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवा शामिल हुए। जगह जगह पुष्प वर्षा एवम पारंपरिक रूप से श्री मरांडी का स्वागत हुआ।



महिलाएं घंटों तक छाता लगाए अपने नेता के स्वागत में खड़ी रहीं। मोटर साईकिल रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज को उसका हक और अधिकार दिलाने, विकास की मुख्यधारा से जोड़ने केलिए संकल्पित है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार जनजातियों केलिए योजनाएं चला रही। चाहे जनजाति गांव का विकास हो या शिक्षा ,स्वास्थ्य,स्वावलंबन ,सभी क्षेत्र की योजनाएं चलाई जा रही । युवाओं को ऋण के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा।जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने अलग राज्य दिए।जनजाति मंत्रालय बनाया।आज मोदी मंत्रीमंडल में 8मंत्री पहली बार जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानी,महापुरुषों को आजादी के बाद कभी सम्मान नही मिला लेकिन मोदी सरकार ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया।

आज पहली बार देश में जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं।उनके मन में समाज केलिए न कोई सोच है, न सम्मान है और न संवेदना है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र में मलेरिया से हुई मौत की चिंता नहीं।

वे पीड़ितों से मिलना भी जरूरी नहीं समझते।कहा कि संथाल परगना में कई स्थानों पर पिछली भाजपा सरकार में स्वीकृत आवासीय विद्यालय बनकर 4वर्षों से उद्घाटन की बाट जोह रहे।सरकार चाहती तो यहां शिक्षक भी होते और बच्चे भी पढ़ते।उन्होंने कहा कि संथाल परगना का क्षेत्र माइनर मिनरल का है।लेकिन सारे ठिकेदार बाहर के लोग हैं। मुख्यमंत्री के चहेते ,दलाल,बिचौलिए हैं। स्थानीय लोग जिनके जमीन पर खदान है वे चुपचाप देखने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज को उनका हक और अधिकार दिलाएगी। जिनकी जमीन वही होगा खदान का मालिक।

## पेज एक का शेष

### अपोलो अस्पताल गुर्दे के.. .. ..

बताया कि कैसे वे उन तस्वीरों को नकली करते हैं जो दाता और प्राप्तकर्ता के बीच संबंध स्थापित करने के लिए बोर्ड को प्रस्तुत की जाती हैं। इस खबर पर देश में चर्चा होने के बाद अस्पताल समूह इस तरह की अवैध गतिविधियों की किसी भी जानबूझकर भागीदारी या निहित मंजूरी से इनकार करता है और एक आंतरिक जांच की घोषणा की है। अस्पताल की तरफ से डॉ संदीप गुलेरिया को रोगियों और एजेंटों द्वारा नामित किया गया है, क्योंकि सर्जन इन प्रत्यारोपण का संचालन कर रहे हैं। डॉ गुलेरिया, हालांकि, स्पष्ट रूप से इन अवैध प्रथाओं के ज्ञान से इनकार करते हैं। उन्होंने आरोपों से इनकार किया।

इस आरोप के सामने आने के तुरंत बाद स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने अवैध किडनी रैकेट के लिए दिल्ली के निजी अस्पतालों को जिम्मेदार ठहराने वाली एक मीडिया रिपोर्ट के संबंध में राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक को एक पत्र लिखा है। पत्र के मुताबिक, एक मीडिया रिपोर्ट के संदर्भ में जिसमें अवैध किडनी रैकेट चलाने में अपोलो अस्पताल, दिल्ली और डॉ. संदीप गुलेरिया की संलिप्तता का आरोप लगाया गया है, जिसमें म्यांमार के गरीब लोगों को लाभ के लिए अपने अंग बेचने के लिए लुभाया जा रहा है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि ऐसी गतिविधियां हो सकती हैं कमजोर व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। इस संबंध में, आपसे अनुरोध है कि कृपया मामले की जांच कराएं और कानूनी प्रावधान के मुताबिक उचित कार्रवाई करें और एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच .. .. ..

और दुकानों, बाजारों को बंद रखने का संदेश दिया। बाद में वे कुन्दननगर स्थित राजपूत छात्रावास पहुंचे जहां से करणी सेना के जिलाध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह राजपुरा के नेतृत्व में इस मामले के हत्यारों को गिरफ्तार कर उन्हें सख्त सजा दिलाने तथा गोगामेड़ी परिवार के साथ न्याय की मांग का ज्ञापन सौपा।

### अभिनेता देव ने भाजपा को फर्जी .. .. ..

मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में देशभर में 10 लाख 50 हजार 401 फर्जी जॉब कार्ड रद्द किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 3 लाख 64 हजार 401 फर्जी कार्ड रद्द किये गये। इसके बाद ओडिशा का स्थान है - एक लाख 65 हजार 150।। इसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश और बिहार का स्थान है। दोनों राज्यों में दो साल में एक लाख से अधिक फर्जी जॉब कार्ड रद्द किये गये हैं। वहाँ बांग्ला? ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले दो वर्षों में ममता बनर्जी के राज्य में रद्द किए गए फर्जी जॉब कार्डों की संख्या 5,651 है। बंगाल से ऊपर हैं झारखंड, राजस्थान। झारखंड में रद्द जॉब कार्ड की संख्या 94 हजार 201 है। राजस्थान में 60 हजार 428।

संयोग से, अभिषेक सहित तृणमूल नेता लंबे समय से दावा कर रहे हैं कि भाजपा द्वारा बताई जा रही फर्जी जॉब कार्ड की कहानी निराधार है। अगर फर्जी जॉब कार्ड पैसा रोकने का मापदंड है तो योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश से पहले पैसा रोका जाना चाहिए। अभिषेक ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार हुआ है तो जांच होनी चाहिए और सजा मिलनी चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार सबका पैसा रोककर बंगाल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नष्ट करना चाहती है। हालांकि, भाजपा का दावा है कि सिर्फ फर्जी जॉब कार्ड ही नहीं, बल्कि अन्य अनियमितताओं के चलते भी केंद्र ने बंगाल का पैसा रोका है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए आंकड़ों के सहारे तृणमूल एक बार फिर भाजपा के खिलाफ मैदान में उतरने की कोशिश कर रही है।

### लालदुहोमा ने मिजोरम के नये . ..

लगाकर कथित हमला किया गया।

दूसरी ओर, विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के अध्यक्ष और मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने आज इस्तीफा दे दिया। जोरामथंगा ने पार्टी के उपाध्यक्ष और निवर्तमान उपमुख्यमंत्री तौनलुइया को अपना इस्तीफा पत्र सौंपते हुए कहा कि वह हाल ही में संपन्न मिजोरम विधानसभा चुनावों में पार्टी की विफलता की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के उपाध्यक्ष लालथनसांगा ने आइजोल पूर्व 1 निर्वाचन क्षेत्र में जोरमथांगा को हराया। एमएनएफ चुनाव में 40 विधानसभा सीटों में से केवल 10 सीटें जीतने में सफल रही। 27 सीटों के साथ, जेडपीएम ने भारी जीत हासिल की।

मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने जोराम पीपुल्स मूवमेंट के नेता लालदुहोमा को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में छह दिसंबर को आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपा। लालदुहोमा ने मिजोरम में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल हरि बाबू से मुलाकात की।

मिजोरम में शानदार जीत के बाद जेडपीएम प्रमुख लालदुहोमा जोरामथंगा की जगह अगले मुख्यमंत्री बनने की ओर अग्रसर हैं।उन्होंने संकेत दिया कि राज्य के युवा मौजूदा मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) से थक गए हैं और नए विचारों और सिद्धांतों को लाने के लिए शासन परिवर्तन के लिए उत्सुक हैं। लालदुहोमा ने जीत के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसका श्रेय ईश्वर और लोगों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि जनता ने उन्हें पिछले वर्ष अपने नेता के रूप में चुना था, और सीएम के रूप में उनकी नियुक्ति का अनुमान था। उन्होंने कहा कि नई सरकार अपने 45 विभागों में कई मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी।लालदुहोमा ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं की घोषणा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है। जेडपीएम ने मंगलवार को एक विशेष पूजा सेवा के साथ अपनी जीत का जश्न मनाया। सेवा में मौजूद नवनिर्वाचित जेडपीएम विधायक बारिल वन्नेहसांगी ने अपनी जीत अपने समुदाय की महिलाओं को समर्पित की।

### अग्नाशय की नसों ने इंसुलिन .. .. ..

का नेतृत्व एसोसिएट प्रोफेसर जुंटा इमाई, सहायक प्रोफेसर योही कावाना, और तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रोफेसर हिदेकी कटगिरी ने किया था। इनलोगों ने अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल नेचर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।

उन्होने बताया कि, ऑप्टोजेनेटिक्स का उपयोग करते हुए, हमने पहली बार चूहों में अग्न्याशय के लिए अग्रणी योनि तंत्रिका को उत्तेजित करने के लिए एक साधन विकसित किया है। इस उपन्यास विधि ने रक्त में इंसुलिन की मात्रा में एक चिह्नित ऊंचाई का नेतृत्व किया जब चीनी प्रशासित किया गया था, जो कि बीटा सेल फंक्शन में सुधार का संकेत देता है। इस तंत्रिका की अतिरिक्त उत्तेजना दो सप्ताह से अधिक बीटा कोशिकाओं की मूल संख्या से दोगुनी हो गई। अग्नाशयी योनि नसों को उत्तेजित करते हुए गुणवत्ता और मात्रा दोनों के संदर्भ में जरूरी कोशिकाओं को सक्रिय किया।

### महादेव एप के अभियुक्त के पिता .. .. ..

आरोपी कांस्टेबल भीम सिंह यादव को ईडी ने 3 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने दावा किया कि फॉरेंसिक विश्लेषण और कैश कूरियर दास द्वारा दिए गए एक बयान से चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप प्रमोटरों ने अब तक छत्तीसगढ़ के निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और यह जांच का विषय है। बघेल ने आरोपों से इनकार किया था और भाजपा पर ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। असीम दास को केंद्रीय एजेंसी ने रायपुर में गिरफ्तार किया था, जब उसने दावा किया था कि उससे 5.39 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे।

ईडी के अनुसार, उसे कथित तौर पर यूएई से ऐप प्रमोटरों द्वारा विशेष रूप से, सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के चुनावी खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए भेजा गया था।

## शहर >> अपडेट

### दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता, फंदे से लटका मिला शव

कैमूर (शाहाबाद) : कुदरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका मिला एक विवाहिता का शव। मृतक विवाहिता कुदरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी पंकज कुमार कौशल की 23 वर्षीय पत्नी गीता देवी बताई जाती है। जहां पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे लड़की के पिता रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत चितौली गांव निवासी प्रेमचंद पाल ने बताया कि दहेज में सोने का चैन पैसा व बाइक का डिमांड था। लेकिन नहीं देने पर लड़की को हत्या कर दिया गया है। जबकि ससुराल वालों का कहना है कि घर पर कोई नहीं था जो लड़की ने घर के अंदर फांसी के फंदा बनाकर अपने आप रूपी आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जिसका पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले के लेकर जांच में जुटी हुई है।

## राजधानी इवेंट्स >>

### मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

बेतिया : श्रीनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार की देर रात पूजहां टांड टोला से मारपीट के चार आरोपी को घर से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि विगत पिछले महीनो इन लोगो ने जमकर मारपीट किया। उस मामले में पुलिस ने राम भरोश यादव, दिनेश यादव, लोरिक यादव व बागड़ यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया है।

### आपसी विवाद में मारपीट, महिला समेत तीन जख्मी

बगहा : नगर थाना क्षेत्र में अलग - अलग जगह पर दो पक्षों के बीच हुई आपसी मारपीट में महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गए। परिजनो द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मौजूद चिकित्सक ने घायलों की प्राथमिक उपचार किया और इलाज के साथ ही स्थानीय पुलिस से संपर्क के लिए लिखा है। चिकित्सक ने बताया कि घायलों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के छोटकीपट्टी निवासी 18 वर्षीय आदित्य कुमार यादव एवं अहिवलिया निवासी जंगली राम के पुत्र दीपू कुमार व इनकी पत्नी निक्की देवी के रूप में की गई है प्रत्यदर्शियो की माने की दो पक्षों की बीच हुई मारपीट आपसी विवाद को लेकर बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भालू के हमले से बुजुर्ग जख्मी, रेफर

बगहा : वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन प्रमंडल दो अंतर्गत गनौली वन क्षेत्र के रिहाईशी इलाके में पहुंचे भालू ने हमला कर एक बुजुर्ग को लहू लुहान कर दिया है। परिजन बुजुर्ग को स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड इलाज के लिए ले गए जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंपापुर गोनौली पंचायत के पिपरा गांव निवासी 62 वर्षीय अवधेश चौधरी बुधवार के अहले सुबह खलिहान में कटनी के बाद रखे अपने धान की फसल को देखने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान पास में छिपे भालू ने उन पर हमला कर दिया। उनके चीखने चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे। लोगों को अपनी ओर आता देख भालू किसान को छोड़कर वापस जंगल की तरफ भाग गया। जिसके बाद आनन-फानन में उनको लेकर हरनाटांड पीएचसी लाया गया। जहां पर डॉ राजेंद्र काजी के द्वारा उनका प्राथमिक इलाज किया गया। डॉ राजेंद्र काजी ने बताया कि भालू के हमले में घायल अवधेश चौधरी को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**राजनीति** > राज्यों के विस चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया को स्पष्ट संदेश दिया, कहा

# हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़ें : मुख्यमंत्री नीतीश

- उन्हें व्यक्तिगत रूप से कुछ नहीं चाहिए : मुख्यमंत्री
- वह पहले से ही लोगों की सेवा करते आ रहे हैं।
- मैं यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो



राष्ट्रीय खबर

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया के दलों को स्पष्ट संदेश देते हुए आज कहा कि वह चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो और आगे से सब एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ें। श्री कुमार ने बुधवार को यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में हाल में हुये विधानसभा चुनाव परिणाम से संबंधित प्रश्न पर कहा कि चुनाव में पिछली बार कांग्रेस उन राज्यों में जीती थी। कांग्रेस को इसबार भी अच्छा वोट आया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीती।

तेलंगाना में कांग्रेस जीती है। इनसब चीजों पर कोई खास चर्चा की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि वह तो यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो। मुख्यमंत्री ने कहा, ''खबर में चल रहा था कि हम 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में नहीं जा रहे हैं जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। मेरी तबीयत खराब थी। मुझे सर्दी-खांसी, बुखार लगा हुआ था। अगली बैठक होगी तो हम फिर कहेंगे कि अब देर नहीं कीजिए। आपस में बैठकर सबकुछ जल्दी से तय कर लीजिए। हम एक साल से विपक्षी एकजुटता में लगे हुए हैं। राज्यों के चुनाव में सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत के लिए लग जाती हैं वो अलग चीज है लेकिन हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़ें।''

श्री कुमार ने 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री पद को लेकर उनके बारे में अक्सर खबरें आती हैं कि लेकिन वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए। वह केवल इतना चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो और अभी जो पार्टी केंद्र की सत्ता में है उसके खिलाफ चुनाव लड़े। उन्होंने परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वे लोग देश के इतिहास को बदलने में लगे हुए हैं। नयी पीढ़ी को आजादी की लड़ाई को याद रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से कुछ नहीं चाहिए।

वह पहले से ही लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। हमलोग आंदोलन भी किए हैं। हम राज्य के हित में अपने काम में लगे रहते हैं। हमलोग तेजी से युवाओं को रोजगार देने में लगे हुए हैं। देशहित में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हों। हमलोगों ने जाति आधारित गणना कराई। सिर्फ जातिगत गणना नहीं कराई बल्कि हर परिवार की आर्थिक स्थिति का भी पता लगाया। हिंदू, मुस्लिम, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग, अपर कास्ट किसी भी जाति-वर्ग का हो, सबका पता लगवाया। हर जाति में गरीबी है। अपर कास्ट में भी कितनी गरीबी है, इसका पता चला। पूरे देश में जातिगत जनगणना होती तो सबको काफी फायदा होता। श्री कुमार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने से संबंधित प्रश्न पर कहा कि बिहार की गरीबी को देखते हुए उसे विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। बिहार काफी पौराणिक जगह है। देश में और देश के बाहर जो कुछ भी था सबकुछ बिहार से ही शुरू हुआ था। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा तो वह बहुत आगे बढ़ेगा। बिहार के लोग दूसरी जगहों पर जाकर काफी सेवा करते हैं। बिहार के लोग कहीं कोई गड़बड़ी नहीं करते हैं। सबलोग काफी अच्छा काम करते हैं, सेवा में लगे रहते हैं। बिहार के लोगों का बहुत अच्छा स्वभाव है। उन्होंने कहा कि आप पत्रकारों का भी स्वभाव बहुत अच्छा है। दिल्लीवाले आपलोगों पर कब्जा किए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे से संबंधित प्रश्न पर कहा, ''हम सबका सब दिन इज्जत करते रहेंगे, यह हमारी परंपरा है।''

फरार आईपीएस अधिकारी ने पटना की अदालत में किया आत्मसमर्पण

## शराब माफियाओं से साठगांठ सहित अन्य आरोप में वांछित थे आदित्य कुमार



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** आर्थिक अपराध इकाई द्वारा कथित तौर पर शराब माफिया मामले में वांछित भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आदित्य कुमार ने मंगलवार को पटना की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। श्री कुमार 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी पिछले कई महीनों से फरार चल रहे थे। बाद में उन्हें निलंबित कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार श्री कुमार ने आपराधिक साजिश के मामले में एक सक्षम अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद मंगलवार को पटना की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। निलंबित आईपीएस अधिकारी गया जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहने के दौरान शराब माफियाओं के साथ कथित सांठगांठ से संबंधित एक मामले में वांछित थे।

जानकारी के अनुसार आदित्य कुमार को बेउर जेल की आमद वार्ड में रखा गया है। उनपर कई गंभीर आरोप लगे हैं। इसमें पटना हाई कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजय करोल के नाम पर बिहार के डीजीपी रहे एसके सिंघल को फोन करने का मामला भी है।अजीत कुमार पर अपने साथी अभिषेक अग्रवाल के साथ मिलकर पूरा षड्यंत्र रचने का आरोप है। उन्होंने अपने ऊपर चल रहे मामले को रफा दफा करने के मकसद से अभिषेक अग्रवाल से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम पर डीजीपी को कॉल कराया था। बिहार सरकार के एक बड़े प्रशासनिक अधिकारी को भी बेहतर पोस्टिंग के लिए फोन करवाने का इनके ऊपर आरोप है। मामले का खुलासा होने के बाद ईओयू द्वारा 16 अक्टूबर 2022 को प्राथमिक की दर्ज की गई थी। अभिषेक अग्रवाल उस समय गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन, आदित्य कुमार फरार चल रहे थे। आदित्य की अग्रिम जमानत अर्जी सेशन कोर्ट और पटना हाईकोर्ट से पहले ही खारिज की जा चुकी थी। वह सुप्रीम कोर्ट गुहार लगाने पहुंचे थे लेकिन उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली। कोर्ट ने दो सप्ताह में इसलिए कोर्ट में आत्मसमर्पण का निर्देश दिया था, इसके बाद उन्होंने समर्पण किया।

रचा इतिहास, हजारों की संख्या में लोग उतरे सड़क पर

## प्रमुख राजेंद्र बैठा, निहारिका नूतन और समर्थक ने जन सुराज में शामिल



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प. च. :** जिला के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र बैठा, निहारिका नूतन और उनके समर्थकों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया। जनसुराज अभियान का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। जन सुराज सदस्यता अभियान अंतर्गत रविवार को पटना में सामूहिक सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें बिहार के विभिन्न जिला के लोगों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया।

पश्चिम चम्पारण जिला में 2021 से ब्लॉक प्रमुख रहे राजेंद्र बैठा (समाजिक कार्यकर्ता), ब्लॉक प्रमुख निहारिका नूतन और उनके समर्थकों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व मुखिया तीन बार के बीडीसी रहे, अजय चौबे और अन्य सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। जन सुराज अभियान से जुड़ने वाले संस्थापक सदस्यों में पूर्व मुखिया तीन बार के बीडीसी अजय चौबे, पश्चिम चम्पारण से 2021 से ब्लॉक प्रमुख (समाजिक कार्यकर्ता) राजेंद्र बैठा, ब्लॉक प्रमुख निहारिका नूतन, बगहा से शेषनाथ चौधरी, योगापट्टी से लाल बाबू चौधरी, बगहा से वीरेंद्र राम, रामनगर से आशुतोष पासवान, रामनगर से वीरेंद्र राम, मझौलिया से लाल यादव व अन्य ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया।

मानहानि मामले में राजद उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी को एक साल की जेल, मिली जमानत



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जल संसाधन और सूचना और जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा द्वारा पांच साल पहले दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी को पटना की एक अदालत ने एक साल कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया ने राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व मंत्री तिवारी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जिला लोक अभियोजक उमेश प्रसाद ने बताया कि तिवारी के खिलाफ झा ने यह मामला भादंवि की धारा 499 और 500 के तहत दर्ज कराया था। श्री झा के वकील मधुकर आनंद के अनुसार, अदालत ने आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 30 दिनों के समय के साथ शिवानंद तिवारी को भी अस्थायी जमानत दे दी है। नीतीश कुमार सरकार में जल संसाधन और सूचना और जनसंपर्क जैसे प्रमुख विभाग संभाल रहे झा ने 2018 में याचिका दायर की थी। तब वह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव थे।

## केके पाठक के बाद बिहार सरकार भी हुआ सख़्त, रद्द की गई 50 मदरसों की मान्यताएं

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** शिक्षा विभाग में सुधार के लिए के के पाठक के तल्ख तेवर की चर्चा के बीच बिहार सरकार भी एक्शन में दिख रही है। राज्य में कई मदरसों की मान्यता रद्द कर दी गई है। हाल ही में बिहार को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा था कि सरकार सूबे के मदरसों और मस्जिदों की जांच कराए, क्योंकि इनमें से कई अवैध ढंग से चल रहे हैं। राज्य के कुल 50 मरदसों की मान्यता रद्द की गई है। इनमें सबसे ज्यादा दरभंगा जिले के मदरसे हैं।

यहां के कुल 32 मदरसों की मान्यता खत्म कर दी गई है। यही नहीं इन मदरसों के शिक्षकों की सैलरी पर भी रोक दी गई है। जानकारी के मुताबिक पटना हाईकोर्ट से पारित आदेश के बाद तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने 50 मदरसों की मान्यता रद्द करने को कहा। सबसे ज्यादा दरभंगा जिले के 32 मदरसों पर गाज गिरी। इसके बाद बिहार माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्पेशल डायरेक्टर सचिन्द्र कुमार ने एक खत लिखा। जिसे बिहार मदरसा बोर्ड के सचिव को भेजा कर कहा गया है कि 32 मदरसा शिक्षकों के वेतन और अनुदान को फिलहाल रोक दिया जाए। इन मदरसों की मान्यता रद्द करने के पीछे बड़ी वजह सामने आई है। दरअसल मान्यता खत्म किए गए मदरसों की आधारभूत संरचना, भूमि ,समान स्तर से मदरसों की दूरी की कमी वजह बनी।

**आरोप** > मांस-भात भोज के लिए काटे गए जानवरों का अवशेष सांसद ने कहां फेंकवाया : केशरी

## सांसद ललन सिंह के मांस-भात भोज का पोस्टमार्टम करेगा एनसीपी



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** विगत 14 मई को सांसद ललन सिंह के द्वारा दिए गए मांस-भात भोज के लिए काटे गए जानवरों का एन्टीमॉर्टम किन-किन पशु चिकित्सकों ने किया था। तथा, इनके द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट कहां है, इसका जवाब सांसद को पब्लिक डोमेन में देना होगा। यह बातें पूर्व सांसद प्रत्याशी एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने दो नंबर गुमटी स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस-वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सांसद के मांस-भात महाभोज में किस कंपनी के गैस सिलेंडर की व्यवस्था की गई थी, सिलेंडर कॉमर्शियल था या डोमेस्टिक था। महाभोज प्रयोजन के लिए कम से कम सात दिनों तक पोलो मैदान का उपयोग किया गया जिसका भुगतान किया गया या नहीं और अगर किया गया तो कितना तथा किसके द्वारा किया गया। श्री केशरी ने सवालिया लहजे में कहा कि एक बकरा कम से कम दस हजार रुपए में आता है तो दावे के अनुसार चार हजार बकरों का खर्च चार करोड़ रुपए का भुगतान महाभोज के लिए किसने किया तथा इस हिसाब से महाभोज में खर्च हुए अनुमानित राशि छह-सात करोड़ रुपए कहां से आए इसका जवाब सांसद ललन सिंह को तो देना ही होगा। श्री केशरी ने कहा कि सबसे बड़ा सुलगता हुआ सवाल है कि चार हजार से अधिक काटे गए जानवरों का अवशेष जैसे अतड़ी-पचौनी आदि का निस्तारण लोगों द्वारा दबी जुबान में हो रही चचाओं के अनुसार क्या वास्तव में गंगा नदी में कर दिया गया या फिर कहां किया गया। इन सभी सवालों को लेकर एनसीपी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामबिनय मालाकार, जिला महासचिव आजाद शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष संयुक्ता सिंह चौहान एवं महिला नगर अध्यक्ष जूली शर्मा आदि मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### धनरंजन कुशवाहा बनाए गए भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष



**बेतिया :** भारतीय जनता युवा मोर्चा बेतिया के पूर्व जिलाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा को प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष बने। उन्होंने बताया कि धनरंजन कुशवाहा नौतन विधानसभा के बैकुंठवा पंचायत के जयनगर गांव के एक सामान्य परिवार से आते हैं।विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री के दायित्व से लेकर विभाग संयोजक जिला संगठन मंत्री व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके है।पार्टी के लिए रात दिन एक करने वाले जमीनी कार्यकर्ता का इस बार मान बढ़ाया गया हैं। इससे कार्यकताओं के साथ जनता में प्रसन्नता है। उन्हें उपाध्यक्ष बनाये जाने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्हें बधाई देने वाले में जिला भाजपा के कार्यकर्ताओ का तांता लगा हुआ हैं। उन्हें बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष भाजपा रुपक लाल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, महामंत्री मनु बाबू कुशवाहा, मुन्ना तिवारी व रेणु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, जिला मंत्री राजन सोनी, दीपू कुशवाहा,भाजयुमो जिला महामंत्री अविनाश कश्यप व किशन श्रीवास्तव, राजीव मिश्र, मुन्ना यादव, राजन पासवान, संजय यादव, कुणाल श्रॉफ, आकाश श्रीवास्तव, आशीष कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता हैं ।

### नेपाली कस्तूरी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**मझौलिया, प. च. :** थाना क्षेत्र के मंगलवार की रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी कर थानाक्षेत्र के सेनुअरिया से 270 पीस नेपाली शराब बरामद किया। इस क्रम में एक व्यक्ति भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति सेनुअरिया गांव निवासी रितेश कुमार बताया गया है।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि 270 पीस नेपाली कस्तूरी मात्रा में 81 लीटर बताया गया है। गिरफ्तार रितेश को उत्पाद अधिनियम अंतर्गत कांड अंकित कर न्यायालय को सौंप दिया गया है।

### उपलब्धि : पीरो के विजय शंकर बने सहायक अभियोजन पदाधिकारी



**पीरो (भोजपुर):** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल पीरो प्रखंड के सनेया गांव निवासी विजय शंकर यादव सहायक लोक अभियोजन पदाधिकारी पद के लिए चयनित हुए हैं। उन्हें इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 70 वीं रैंक हासिल हुई है । मूल रूप से सनेया निवासी स्व रमून सिंह यादव के पुत्र विजय शंकर यादव की शिक्षा दीक्षा उतर प्रदेश के अलग अलग संस्थानों से हुई है। इन्होंने एलएलबी की डिग्री दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा एलएलएम इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया है। ये वर्ष 2016 से ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर भाग्य अजमा रहे थे। अंततः इन्हें ये महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई। विजय ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों से मिले सहयोग व अपनी लगातार मेहनत को दी है। विजय के अनुसार द्दढ इच्छाशक्ति के साथ किया गया प्रयास अवश्य सफल होता है। इधर विजय शंकर यादव के सहायक लोक अभियोजन पदाधिकारी बनने पर चाचा चंद्रमा सिंह, रमाशंकर यादव,हरिशंकर यादव, दुसाधीबधार निवासी दीपक कुमार, पवन कुमार, टुनटुन कुमार, मनीष कुमार, हरेराम सिंह, डा. पिंटू कुमार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### महादलित बस्ती में मनाई गई बाबा साहब की पुण्य तिथि



**लौरिया, प.च. :** लौरिया विधायक विनय बिहारी एवं भाजपा के विधानसभा प्रभारी अनिल राम ने डा भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। महादलित बस्ती में सामुदायिक शेड बनाने की घोषणा विधायक ने की। महादलित बस्ती में डॉ अम्बेडकर के प्रतिमा के पास विधायक विनय बिहारी एवं टोला सेवक रेणु देवी, विकास मित्र सुनीता देवी, भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को डा.भीमराव अम्बेडकर के पुण्य तिथि मनाया। जिसमे शंकर राम, मनोज राम, अनील राम, हीरालाल राम, सिकन्दर राम, ललिता देवी, रुखी देवी, सोना देवी, पिंकी देवी, सुदामा राम, टुन्ना परदेशी व अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे ।

## शहर >> अपडेट

### पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया में चलेगी इलेक्ट्रिक बसें

**पटनाः** बिहार में वायु प्रदूषण को कम करने लिए छह प्रमुख नगरों पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी।

## सिटी

### मोतिहारी में पहले से घात लगाए बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**मोतिहारीः** नगर निगम क्षेत्र के नेशनल हाईवे के करीब जमला रोड में अज्ञात बदमाशों ने जिम करने जा रहे युवक को घेर पहले हाथापाई की फिर गोली मार दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से मोतिहारी के निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया. निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया. वहीं, घायल युवक को इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई. वहीं, घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए. पुलिस अपराधियों को चिन्हित करने की कारवाई तेज कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमला गांव निवासी चन्द्रशेखर सिंह के तीसरे पुत्र राहुल उर्फ छोटू प्रतिदिन की तरह बुधवार की सुबह बाइक से जिम करने जा रहा था. इस दौरान जमला रोड में चंडी माई स्थान के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने राहुल को घेर लिया और हाथापाई शुरू हो गई. इसी बीच बदमाशों ने गोली चला दी, जिसके बाद राहुल को गोली लग गई. राहुल बेहोश होकर गिर गया. स्थानीय लोग गोली चलने की आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे. मौके पर लोगों के पहुंचने से पहले बदमाश भाग चुके थे.

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मिलिनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवॉर्ड से पुरस्कृत हुए जिला के दो किसान



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर द्वारा चयनित 10 लखपति कृषकों में से 2 युवा किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने मिलिनेयर फार्मर ऑफ इंडिया सम्मान से पुरस्कृत किया है। इन चयनित कृषकों के कृषि में नवोन्मेषण के लिए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सत्थाशिवम ने उपर्युक्त सम्मान प्रदान किया। चयनित कृषकों में मझौलिया प्रखंड के करमवा गांव से आर्यन कुमार तथा नौतन प्रखंड के बैकुंठवा गांव से शहंशाह नय्यर को ये अवार्ड दिया गया है। कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक एवम् प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि उपर्युक्त सम्मान न सिर्फ इन किसानों के लिए बल्कि पूरे पश्चिम चम्पारण जिला के लिए हर्ष और उल्लास का विषय है। यह अन्य कृषकों तथा युवाओं को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

# जहानाबाद में नाबालिक लड़की को मिला प्यार में धोखा, पीड़िता ने दुष्कर्म, तस्करी, शादी और हैवानियत की सुनाई आपबीती

**जहानाबादः** बिहार के जहानाबाद में करीब एक माह पहले एक कोचिंग सेंटर के बाहर से लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिक लड़की को पुलिस ने मध्यप्रदेश से बरामद किया है. साथ ही एक आरोपी शख्स को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. मामला टेहटा ओपी क्षेत्र का है. बताया जाता है कि नाबालिक को टेहटा और मध्यप्रदेश की पुलिस की मदद से कड़ी मशक्कत और लगातार जांच के बाद मंदसौर जिले से बरामद किया गया. आरोप है कि नाबालिक के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और फिर गया में बेच दिया गया. पीड़िता की माने तो वह नौंवी क्लास की छात्रा है. वहीं, इस पूरे मामले को लेकर एसडीपीओ राजीव कुमार रंजन ने मंगलवार को जानकारी दी.दरअसल, तीन नवंबर को बिहार के जहानाबाद के सेरथुआ स्थित एक



कोचिंग के लिए लड़की घर से निकली थी जहां उसकी मुलाकात उसके बॉय फ्रेंड आकाश कुमार से हुई. आकाश ने झांसा देकर नाबालिक को बाइक पर बैठाकर जहानाबाद ले गया, जहां एक होटल में ले जाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसे शहर के लाल मंदिर के पास छोड कर भाग गया. पीड़िता की माने तो दुष्कर्म की घटना के बाद वह घर जाना नहीं चाहती थी. वह दरधा नदी में कूद कर आत्महत्या करने की सोच रही थी तभी रास्ते से गुजर रहा एक संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने उसे समझा बुझाकर अपने गांव अरवल जिले के कुर्था लेकर चला गया. जहां संतोष ने भी उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया.दुष्कर्म के बाद पीड़िता को अहले सुबह गया के बंगाली आश्रम संतोष ले गया, जहां मनोज कुमार नामक व्यक्ति के हाथों 30 हजार में बेच दिया. मानव तस्करी के धंधे में पहले से शामिल मनोज ने उसे मध्यप्रदेश के मंदसौर के रहने वाले मदन व्यास से डेढ़ लाख रुपये में सौदा कर उसे शादी करा दी. हालांकि इस दौरान पीड़िता ने विरोध किया तो उसे डराया धमकाया भी गया. शादी करने के बाद मदन व्यास नाबालिक को अपने घर लेकर चला गया, जहां उसके साथ लगातार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. बताया जाता है कि टेहटा ओपी की पुलिस और 'बचपन बचाओ आंदोलन' के एक महीने के लगातार प्रयास के बाद इसमें सफलता मिली.इधर, इस मामले को लेकर एसडीपीओ राजीव कुमार रंजन ने बताया कि टेहटा ओपी अंतर्गत एक मामला आया था कि एक लड़की प्रेम प्रसंग में लड़के के साथ निकली थी जहां से वह गायब हो गई. पीड़िता के पिता का आरोप था कि लड़की को शादी के नीयत से अपहरण किया गया है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तकनीकी अनुसंधान किया गया तो पहले कुर्था के संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से लड़की का मोबाइल भी बरामद किया गया. पूछताछ के क्रम में वह बताया कि उसे मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के एक व्यक्ति से विवाह करा दिया गया.

# जीवन इसलिए फाइन है, कि संविधान में डॉ.अंबेडकर के साईन है

### महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए डॉ. आंबेडकर

राष्ट्रीय खबर

**लोगों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित**

**बगहा :** जीवन इसलिए फाइन है, कि संविधान में डॉ.अंबेडकर के साईन है। भारतीय संविधान के जनक महामानव भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस 06 दिसम्बर को सुबह करीब साढ़े सात बजे एससी एसटी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सहित नगर के गणमान्यजन व प्रबुद्धजनों ने बगहा अनुमंडल के समक्ष अवस्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया एवं नमन किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का भारतीय संविधान, आधुनिक भारत के निर्माण,



समतामूलक समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान है। वे समाज के सभी जाति, धर्म, वर्गों, महिलाओं, कर्मचारियों के अधिकार व कर्तव्य लिए अपना बहुमूल्य योगदान किए हैं। उन्होंने सबके लिए सामाजिक, आर्थिक व न्यायिक समानता, अधिकार को साकार कराने का काम किया। मौके पर असिस्टेंट कंपनी कमांडेंट अजय कुमार, राजकुमार महतो पेशकार, लालचंद पेशकार, जसवंत सिंह सिविल कोर्ट, शिक्षक तिरेन्द्र राम, शिक्षक सह बगहा नगर परिषद के ब्रांड एम्बेसडर सुनिल राउत, चंदेश्वर सिंह, संजय सिंह, अमिताभ रंजन सिंह, एडवोकेट शुक्ला, प्रमोद कुमार चंद्रमणि, अखिलेश महतो, बृजकिशोर सिंह, मनोज यादव, राजेंद्र राम, शंभू चौधरी, प्रमोद राम आदि उपस्थित रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** नगर के अंबेडकर चौक स्थित बुधवार को अंबेडकर विचार मंच सुगौली के तत्वाधान में 6 दिसंबर को बाबा साहेब अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अंबेडकर मंच अध्यक्ष भोला राम ने झंड़ा फहराया और साथ ही मंच के सभी लोगों ने एकाएक कर बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही बाबा साहेब के विचारो को जन-जन तक पहुंचाने का सभी मंच के लोगों ने शपथ लिया,ताकी उनका अधुरा सपना पुरा हो सके। सभी सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया गया। मंच अध्यक्ष भोला राम ने कहा कि बाबा साहेब के जन्मदिन 14 अप्रेल 2024 को धूमधाम से जंयती मनाई जाएगी और उसी उपरांत एक हजार लोगों की भोजन कि व्यवस्था भी कराई जाएगी और साथ ही शुबह प्रभात फेरी करने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने बाबा साहेब के संघर्ष व मानवता की भलाई की सोच के बारे में सभी लोगों को बताय। बुद्धिजीवी लोगों



ने बाबा साहेब की जिदगी संघर्ष को अपने-अपने विचारों के जरिए पेश किया। श्री राम ने कहा कि बाबा साहब ने दलित, शोषित, वंचित को उनका अधिकार दिलाया। बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने से ही देश की तरक्की होगी। मौके पर मंच अध्यक्ष भोला राम, बैधनाथ राम, उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, शिक्षक शिवनाथ राम, रामप्रसाद राम,चंदेश्वर प्रसाद, रंजीत राम, अजीत पासवान, विजय प्रजापति, राजी रंजन, राकेश कुमार, रुस्तम आलम, बबलू आलम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत प्रचार रथ प्रस्थान कराया



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प चः** जिला में 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया।जिला न्यायाधीश त्रिलोकी दुबे ने बताया कि प्रचार रथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में जाकर लोगों में नेशनल लोक अदालत के प्रति जागृति पैदा करेगा। जिससे आम जनमानस नेशनल लोक अदालत के प्रति जागरुक हो तथा अधिक से अधिक लम्बित वाद का निष्पादन सम्भव हो सके। नेशनल लोक अदालत प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के सुलह के लिए अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया गया है। पक्षकारों के साथ सभी न्यायिक पदाधिकारी प्रतिदिन पूर्व बैठक कर रहे हैं जिससे सर्वाधिक वादों का निपटारा किया जा सके। इसके लिए व्यवहार न्यायालय बेतिया में कुल 23 बेंच का गठन किया गया है। व्यवहार न्यायालय बगहा में कुल 10 बेंच का गठन किया गया है। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी समेत जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अनन्त कुमार भी उपस्थित रहे।

# सरकारी विद्यालयों के उज्जवल भविष्य का नाम के.के.पाठक

### अपर मुख्य सचिव के आदेशों से बच्चों का दिख रहा है उज्जवल भविष्य

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली पू.च. :** जब से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने विभाग की भाग दौड को संभाला है तब से विधालयों में कई तरह के बदलाव दिख रहे है। सरकारी स्कूल के नाम सुनते ही बच्चे भागना शुरू कर देते थे। लेकिन अब वैसा नही है इस वर्ष में पढ़ाई जोरो-शोरों पर चल रही है। वही बात की जाएं कामचोरों की तो उनके लिए बहुत परेशानी की बात है। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के.पाठक(केशव कुमार पाठक) इन दिनो बिहार में शिक्षा के सुधार के क्षेत्र में इनका नाम एक पहचान बन गया है। जब से पाठक ने शिक्षा विभाग के कार्य को संभाला है तब से राज्य के सरकारी विद्यालयों में कई तरह के बदलाव आए है। विद्यालयों में सभी शिक्षक समय पर उपस्थित पाए जा रहे हैं। छात्रों की उपस्थिति भी बढ़ी है। विद्यालय की साफ-सफाई में भी काफी सुधार हुआ है। छात्रों की पढ़ाई की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिल





रहा है। पाठक ने विधालयों कि नियमित निरीक्षण और उसका रिपोर्ट विभाग को देने का आदेश जारी किया। पाठक के इस आदेश का शुरूआती दौर में बड़ा अच्छा प्रभाव रहा। अधिकारियों ने पुरी ईमानदारी से जांच फर विभाग को रिपोर्ट करना शुरू किया। बाद में चलकर जांच के नाम पर उगाही की चर्चा भी होने लगी। आज वह जांच अब केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है?। वैसे तो पाठक जब-तब शिक्षा विभाग के लिए कई नए आदेश भी जारी किए है जिसकी नाराजगी भी शिक्षा विभाग महकमे में देखने को मिल रही है। विद्यालयों के समय में बदलाव और स्कूल की छुट्टी के बाद प्रतिदिन विभाग के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सामिल होना शिक्षकों को अच्छा नही लग रहा है। खास कर के शिक्षा विभाग से जुड़े वैसे लोगों को तकलीफ दे रहा है या उन्हें अच्छा नही लग रहा है जो विधालय कम आते थे या विधालय आकर शिक्षा विभाग का काम ठीक से नही करते थे। इधर शिक्षा विभाग की छुट्टियों में फेरबदल को लेकर पाठक चर्चा में रहें। और विरोध भी हुआ। कभी लूज पुंज व्यवस्था और अच्छी शिक्षा की जगह सरकारी विद्यालयों को लोग नही मानते थे वह आज के.के.पाठक के कड़े एक्शन से सही राह पकड़ लिया है। उच्चय शिक्षित और तीव्र बुद्धि पाठक बिहार सरकार के जिस विभाग में भी रहे अच्छे काम और कड़क मिजाज के लिए जाने गये। के.के.पाठक का काम केवल सचिवालय तक ही नही रहता है बल्कि वे जब-तब राज्य के विद्यालयों में भी पहुंच कर विद्यालय की स्थिति और उसपर एक्शन लेते है। शिक्षकों को समय पर विधालय आने, पढ़ाने और अपनी ड्यूटी और अपना महत्व समझने कि नसीहत तक दें डालते हैं। उनके कड़क स्वभाव और काम करने और निर्णय लेने के तरीके पर जब-तब विभाग के मंत्री राजनेताओं से टकराहट होती रहती है। वस्तु स्थिति चाहे जो हो पर के.के.पाठक के आने से शिक्षा विभाग की स्थिति में बहुत कुछ अच्छा होता जरुर दिख रहा है। साथ ही इस कड़े फैसले से आने वाले बच्चों का भविष्य उज्जवल नजर आता दिखाई दे रहा है ।

## न्यूज फटाफट

### बाबासाहेब के बताए हुए मांगों पर चलकर ही समरस समाज का होगा निर्माण : विनोद दुहन

**संविधान की रचना कर बाबा साहेब पूरे विश्व में अपनी एक अद्भुत पहचान बनाई**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** स्थानीय अंबेडकर पार्क में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ की ओर से जिला भू अर्जन पदाधिकारी रविंद्र राम की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर याद किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त विनोद दूहन ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन- जन तक पहुंचाने की जरूरत है। इनके बताएं हुए मार्गों पर चलकर ही समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं।अनुमंडल पदाधिकारी सदर क्रिसलय श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि देते हो कहा कि बाबा साहब कानून के ज्ञाता थे।

### कार की ठोकर से जख्मी की इलाज के दौरान हुई मौत

**शव पहुंचते ही गांव मे मचा कोहराम**

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च :** कार की ठोकर से जख्मी व्यक्ति की मौत पटना में इलाज के दौरान हो गई। प्रखंड के फुलवरिया निवासी संतोष प्रसाद का शव गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों को रोते रोते बुरा हाल हो गया था। मौत की खबर मिलते ही गांव के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। जो भी व्यक्ति देखने के लिए आता था वह अपने आंखों में आंसू को रोक नही पता था। बता दे कि पांच दिन पूर्व थाना क्षेत्र के नयका टोला में एक व्यक्ति को कार ने ठोकर मार कर जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के फुलवरिया निवासी संतोष प्रसाद शनिवार की शाम सायकिल से अपने खेत पर जा रहे थे। इसी बीच तीव्र गति से आ रही कार ने छपवा बेतिया मुख्य पथ पर नयका टोला के समीप ठोकर मार कर फरार हो गया। आसपास के लोग घटना को देख घटना स्थल पर पहुंचे। वे लोग घायल को पहचान कर घर वाले को सूचना दी। खबर मिलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो ने घायल को इलाज के लिए पीएचसी लेकर चले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पटना इलाज के दौरान ही मौत हो गई। पीड़ित परिजनों को पूर्वमंत्री विजय गुप्ता, पूर्वमुखिया पुरुषोत्तम सिंह,पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता, मुखिया अवधेश कुशवाहा, पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा, सरपंच रूपेश श्रीवास्तव, उपप्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह, हेमनारायण झा, रजनीश झा, झुन्नू शर्मा, पथल महतो, मोहन साह, चंद्रिका प्रसाद, साजु कुमार सहित कई लोगो ने संतावना दी।

### समता मूलक समाज के पक्षधर थे बाबा साहेब : अशोक भारती

**भाजपा ने रविदास टोले में मनाई महापरिनिर्वाण दिवस**

राष्ट्रीय खबर



**गया :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस शाहमीर तकिया स्थित रविदास टोला में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। भाजपा नेताओं ने सर्व प्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उनके जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि एक दलित परिवार में जन्म लेकर शिक्षा- दीक्षा देश सहित विदेश में शिक्षा प्राप्त कर देश के संविधान लिखने में अहम योगदान दिया है, जिसका भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आते ही संविधान दिवस के रूप में बाबा साहब के कृत को याद करती हैं।देश के आजादी के बाद पहले कानून मंत्री के रूप में जाने जाते है। बाबा साहब को देश में किए गए उनके कृतज्ञ को देश ने 1990 में लाल कृष्ण आडवाणी जी के द्वारा भारत सरकार के भारत रत्न देने के लिए प्रस्ताव रखा उस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के द्वारा 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के निवर्तमान प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती ने कहां की भारतीय जनता पार्टी ही बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंच रही है। बाबा साहब समतामूलक समाज के पक्षधर थे।उनके बताए हुए मार्गों पर चलकर ही राष्ट्र में समता मूलक समाज आ सकता है। मौके पर सुनील रविदास, प्रदीप मांझी, बुलाकी दास, गनौरी दास, नरेश दास, अनिल दास, अशोक राम, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, रामप्रवेश सिंह, रविन्द्र दास, दिलीप दास सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 68 वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ भारतीयों श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिला समाहरणालय मुख्य प्रवेशद्वार स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार एवं पुलिस5 अधीक्षक डी अमरकेश ने पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दिया। उनके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समरसता एवं समानता का जो मार्ग दिखाया है, उस पर सभी को बढ़ना चाहिए। उनके किये गये कार्य सभी के लिए सदैव प्रेरक है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत अनील कुमार राय, एसडीएम बेतिया विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपर्युक्त जानकारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय के प्रेस विज्ञप्ति से मिली।

### सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**लौरिया प च :** स्थानीय विधायक विनय बिहारी ने मुख्य अतिथि के रुप में लौरिया प्रखंड के कटैया हाई स्कूल के प्रागण में स्व. गन्नी सिंह स्व. सत्यनारायण सिंह मेमोरियल 3 री क्रिकेट टूनामेंट का उदघाटन किया। विधायक विनय बिहारी के साथ अभिषेक राय, संदीप ठाकुर, गुड्डू सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनु कुमार एवं टुन्ना परदेशी ने संयुक्तः से फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विधायक ने दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया। उदघाटन मैच सरपंच एलेवन मरहिया एवं बिरती एलेवन के बीच खेला गया। टास जीतकर बिरती एलेवन ने 20 ओवर में 206 (दो सौ छव) रन बनाया, जवाब में सरपंच एलेवन की टीम 20 ओवर में 167 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस प्रकार उदघाट्न मैच में बिरती एलेवन ने सरपंच एलेवन मरहिया की टीम को 39 रन से हराया। मैच में निर्णायक शशिकांत शर्मा एवं औरंगजेब आलम रहे, जबकि कमेंट्री अप्पु बिहारी ने किया। टूनामेंट के सफल आयोजन में कुश सिंह, विकास, बलवीर सिंह अच्छा योगदान रहा।

संपादकीय

# फिर से सवालों के घेरे में चुनाव आयोग

देश में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर इससे पहले इतने सवाल शायद कभी नहीं उठे थे। इस बार का विवाद तीन विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को लोगों से मुफ्त दौरे के वादे पर भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) की आलोचना की। श्री शाह ने मध्य प्रदेश में एक रैली के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का मुफ्त दौरा कराने की बात कही थी। उद्धव ने कहा कि चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की है, न ही इस मामले पर यूबीटी सेना के पत्र का जवाब दिया है, इसलिए यह मान लिया जाएगा कि इन बयानों को चुनाव आयोग की मंजूरी थी और हर चुनाव में वह (उद्धव) जय भवानी जैसे हिंदुत्व के नारे लगाएंगे। उन्होंने कहा, जय शिवाजी, हर हर महादेव और गणपति बप्पा मोरया के नारों पर भी आयोग को विरोध नहीं करना चाहिए। हमने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या भगवान और धर्म के नाम पर वोट मांगना अपराध है। हमने



चुनाव आयोग को एक पत्र दिया था और कर्नाटक में मतदाताओं से पीएम मोदी की अपील का उल्लेख किया था कि उन्हें बजरंग बली की जय कहकर वोट करना चाहिए। अतीत में, सेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे को भी मतदान करने से रोक दिया गया था। चूंकि चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है, इसलिए हम मान लेंगे कि हम भगवान और धर्म के नाम पर वोट मांग सकते हैं। हम इसे खुले तौर पर करेंगे। ठाकरे ने नरीमन पॉइंट पर यूबीटी सेना के नव-पुनर्निर्मित शिवालय कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद ये टिप्पणी की। उन्होंने भाजपा को बैलेट पेपर से बीएमसी चुनाव कराने की भी चुनौती दी। उन्होंने कहा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। अब बीएमसी चुनाव कराओ। अगर आपका इतना मन है तो लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर पर करा लें। हमारे मन में भी कोई संदेह नहीं होना चाहिए। एग्जिट पोल ने जो कहा था, नतीजे उसके उलट हैं। तो फिर ऐसा कैसे हुआ? ये सवाल वोटर पूछ रहे हैं. यदि उस संदेह को दूर करने के लिए केवल एक ही चुनाव होना है तो एक चुनाव मतपत्र पर भी होना चाहिए। वैसे इसके अलावा भी हाल के चुनावों में कई घटनाओं पर चुनाव आयोग पर आरोप लगे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान पार्टियों और सरकारों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इसे लागू करना आसान नहीं है। एमसीसी काफी हद तक पार्टियों और सरकारों के सहयोग और भारतीय चुनाव आयोग की सतर्कता पर निर्भर है। हाल के दिनों में, ईसीआई ने भारतीय जनता पार्टी के असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और इसकी दिल्ली इकाई के अध्यक्ष के खिलाफ एमसीसी का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव और उनके बेटे और कैबिनेट सहयोगी के.टी. रामाराव विभिन्न प्रकार के कथित उल्लंघनों के बाद। एक और परिणामी कदम में, ईसीआई ने 30 नवंबर को मतदान से पहले तेलंगाना सरकार को रायथु बंधु योजना के तहत किसानों को नकद ऋण देने की अपनी अनुमति वापस ले ली है। ईसीआई ने राज्य के वित्त मंत्री टी. हरीश राव द्वारा दिए गए बयानों को उल्लंघन माना है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को ऐसे विज्ञापन जारी करने के लिए नोटिस दिया गया है जो तेलंगाना में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा की शिकायतों के आधार पर गांधी परिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए नोटिस दिया गया था। ईसीआई कार्यों की यह सूची समरूपता का आभास दे सकती है, लेकिन जिन मुद्दों पर इसने ध्यान नहीं दिया, उन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रवर्तन निदेशालय ने चुनाव के बीच में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ सार्वजनिक रूप से यह आरोप लगाकर कि उन्हें एक भगोड़े से रिश्वत मिली है, छत्तीसगढ़ में स्थिति को झुकाने की कोशिश की है। इस मामले की खूबियों के अलावा, चुनाव के दौरान राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केंद्रीय या राज्य एजेंसियों द्वारा जांच को हथियार बनाना एक अनुचित हस्तक्षेप हो सकता है। यह संदेहास्पद है कि ईसीआई ने खुद को कार्य में खरा साबित किया है और निष्पक्ष एवं वस्तुनिष्ठ तरीके से कार्य करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। इस संदर्भ में, ईसीआई के सदस्यों की नियुक्ति में कार्यपालिका की सर्वोच्चता का कानून बनाने का सरकार का कदम चिंताजनक है। प्रस्तावित योजना के तहत, केंद्र में सत्तारूढ़ दल पूरी तरह से ईसीआई की संरचना को नियंत्रित करेगा। यह भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अच्छी खबर नहीं है।

# सत्ता के लिए शक्ति प्रदर्शन में जुटी वसुंधरा

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 115 सीटों का पूर्ण बहुमत मिलने के बाद वहां अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जोर आजमाईस शुरू हो गई है। राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है। वही पार्टी नेता मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी-अपनी लाबिंग में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका फैसला तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। लेकिन राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी मुख्यमंत्री पद की रेस में अपनी दावेदारी मजबूती से जता रही है।

चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद वसुंधरा राजे ना तो स्वयं दिल्ली गई ना ही उन्हें दिल्ली से किसी बड़े नेता ने बुलाकर चर्चा की। वसुंधरा राजे सिंधिया जयपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों से मिलकर उनका समर्थन जुटा रही है। चर्चा है कि



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

वसुंधरा राजे से अब तक करीबन 30 विधायकों की चर्चा मुलाकात हो चुकी है। वैर से विधायक बने बहादुर सिंह कोली व नसीराबाद से चुनाव जीते रामस्वरूप लांबा ने खुलकर वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सर्राफ भी वसुंधरा की पैरवी करते नजर आ रहे हैं।

डीडवाना से निर्दलीय चुनाव जीते यूनुस खान जिनका भाजपा ने इस बार टिकट काट दिया था। उसके बाद भी वह निर्दलीय चुनाव जीतने में सफल रहे। वह वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी लाबिंग में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि वसुंधरा समर्थक होने के चलते ही यूनुस खान का टिकट काटा गया था और अब वह फिर से वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनवाकर अपनी धमक दिखाना चाहते हैं। यूनुस खान वसुंधरा राजे की दोनों बार की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2013 से 18 के वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में यूनुस खान, कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत, प्रताप सिंह सिंघवी जैसे लोगों की एक चौकड़ी बनी हुई थी। जो वसुंधरा राजे को हर वक्त घेरे रहती थी। इसी चौकड़ी के कारण वसुंधरा राजे आमजन से कट गई थी। स्थिति यहां तक आ गई थी कि उस दौरान कई वरिष्ठ विधायकों की लगातार प्रयास के उपरांत भी महीनों तक वसुंधरा राजे से मुलाकात नहीं हो पाती थी। वसुंधरा राजे के सिपाहसालारों के मनमाने फैसलों के चलते ही 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। उसके बाद से ही वसुंधरा राजे भाजपा में साइड लाइन कर दी गई थी।

अब वसुंधरा राजे का पूरा प्रयास है कि कैसे भी करके विधायकों का समर्थन प्राप्त कर तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बना जाए। यदि इस बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनने से चूक जाती है तो फिर उन्हें राजनीति के बियाबान में जाने से कोई नहीं रोक सकेगा। जयपुर में वसुंधरा राजे द्वारा भाजपा विधायकों से फेस टू फेस बातचीत करने के घटनाक्रम पर भाजपा आलाकमान पूरी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल अन्य कई नेताओं का मानना है कि पार्टी के विधायक पार्टी के किसी भी नेता से मिलने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन मुख्यमंत्री वही बनेगा जिनका नाम आलाकमान द्वारा घोषित किया जाएगा। राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर वसुंधरा राजे के अलावा विद्याधर नगर सीट पर सबसे अधिक वोटो से जीतने वाली राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, झोटवाड़ा से विधायक बने जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, केंद्र सरकार में जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद व सवाई माधोपुर से विधायक बने डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, केंद्र सरकार में कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव, संघ से जुड़े पूर्व संगठन महासचिव प्रकाश चंद्र अग्रवाल, ओम माथुर, तिजारा से नवनिर्वाचित विधायक व अलवर के सांसद बाबा बालक नाथ सहित करीबन एक दर्जन नेताओं के नाम चर्चा में है।

भाजपा में यह तो तय है कि मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसका नाम दिल्ली में बैठ बड़े नेता तय करेंगे। मगर मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे सशक्त दावेदार बनकर उभरी वसुंधरा राजे सिंधिया को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का अच्छे से पता है कि राजस्थान भाजपा में आज भी वसुंधरा राजे से बड़ा कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है। अगले पांच महीनो के बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसको प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा उनके कंधों पर लोकसभा चुनाव जीतवाने की जिम्मेदारी भी होगी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीतती आ रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के चयन पर लोकसभा चुनाव की छाप भी देखी जाएगी।

जिसे जब भी हवा मिलेगी तब उसे शोला बनते देर नहीं लगेगी। विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के काफी समर्थक चुनाव जीते हैं। चुनावों के दौरान उन्होंने करीबन 40 से अधिक विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया था। जिनमें से बड़ी संख्या में विधायक जीत कर आए हैं।हालांकि पार्टी आलाकमान ने वसुंधरा के समय चर्चित चौकड़ी में शामिल रहे यूनुस खान, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक परनामी, कैलाश मेघवाल जैसे बड़े नेताओं का टिकट काटकर उन्हें पार्टी की मुख्य धारा से अलग-थलग कर दिया है। वहीं नरपत सिंह राजवी चित्तौड़गढ़ सीट पर अपनी जमानत जब्त करवाकर प्रभावहीन बन चुके है। मगर यही सब लोग आज भी वसुंधरा राज्य के खास सलाहाकार बने हुए हैं तथा उन्ही की सलाह पर वसुंधरा राजे राजनीति कर रही है।अगले कुछ दिनों में राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव हो जाएगा। इसके बाद ही पता चलेगा कि वसुंधरा राजे नेता बनती है या अन्य किसी नेता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाती है। भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को किस तरह शांत रख पायेगा इसका पता तो आने वाले कुछ दिनों में ही चल पाएगा। बहरहाल वसुंधरा राजे आज भी मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे नजर आ रही है। यदि वक्त ने उनका साथ दिया तो उनका मुख्यमंत्री बनना तय लग रहा है। क्योंकि प्रदेश की राजनीति में जितनी स्वीकार्यता वसुंधरा राजे की है उतनी भाजपा के अन्य किसी भी नेता की नहीं है। आज मुख्यमंत्री कि दौड़ में शामिल अधिकांश नेताओं को कभी ना कभी वसुंधरा राजे ने ही राजनीति में आगे बढाया था। वैसे राजनीति को सम्भावनावों का खेल कहा जाता है। यहां एन वक़्त पर कब क्या हो जाये किसी को पता नहीं रहता है। चेला चीनी बन जाता है और गुरु गुड़ ही रह जाता है।

# मन की मिठास

प्रेरक-प्रसंग



एक शिष्य अपने गुरु से सप्ताह भर की छुट्टी लेकर अपने गांव जा रहा था। तब गांव पैदल ही जाना पड़ता था। जाते समय रास्ते में उसे एक कुआं दिखाई दिया। शिष्य प्यासा था, इसलिए उसने कुएं से पानी निकाला और अपना गला तर किया। शिष्य को अद्भुत तृप्ति मिली, क्योंकि कुएं का जल बेहद मीठा और ठंडा था। शिष्य ने सोचा- क्यों ना यहां का जल गुरुजी के लिए भी ले चलूं। उसने अपनी मशक भरी और वापस आश्रम की ओर चल पड़ा। वह आश्रम पहुंचा और गुरुजी को सारी बात बताई। गुरुजी ने शिष्य से मशक लेकर जल पिया और संतुष्टि महसूस की। उन्होंने शिष्य से कहा- वाकई जल तो गंगाजल के समान है। शिष्य को खुशी हुई। गुरुजी से इस तरह की प्रशंसा सुनकर शिष्य आज्ञा लेकर अपने गांव चला गया।कुछ ही देर में आश्रम में रहने वाला एक दूसरा शिष्य गुरुजी के पास पहुंचा और उसने भी वह जल पीने की इच्छा जताई। गुरुजी ने मशक शिष्य को दी। शिष्य ने जैसे ही घूंट भरा, उसने पानी बाहर कुल्ला कर दिया। शिष्य बोला- गुरुजी इस पानी में तो कड़वापन है और न ही यह जल शीतल है। आपने बेकार ही उस शिष्य की इतनी प्रशंसा की।गुरुजी बोले- बेटा, मिठास और शीतलता इस जल में नहीं है तो क्या हुआ। इसे लाने वाले के मन में तो है। जब उस शिष्य ने जल पिया होगा तो उसके मन में मेरे लिए प्रेम उमड़ा। यही बात महत्वपूर्ण है। मुझे भी इस मशक का जल तुम्हारी तरह ठीक नहीं लगा। पर मैं यह कहकर उसका मन दुखी करना नहीं चाहता था।

हो सकता है जब जल मशक में भरा गया, तब वह शीतल हो और मशक के साफ न होने पर यहां तक आते-आते यह जल वैसा नहीं रहा, पर इससे लाने वाले के मन का प्रेम तो कम नहीं होता है ना।

.. ..**जारी।**

नजरिया

# शीत लहरी में समस्या बनते 'धुआं,धुंध और धूल'

रा श में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर इससे पहले इतने सवाल शायद कभी नहीं उठे थे। इस बार का विवाद तीन विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को लोगों से मुफ्त दौरे के वादे पर भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) की आलोचना की। श्री शाह ने मध्य प्रदेश में एक रैली के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का मुफ्त दौरा कराने की बात कही थी। उद्धव ने कहा कि चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की है, न ही इस मामले पर यूबीटी सेना के पत्र का जवाब दिया है, इसलिए यह मान लिया जाएगा कि इन बयानों को चुनाव आयोग की मंजूरी थी और हर चुनाव में वह (उद्धव) जय भवानी जैसे हिंदुत्व के नारे लगाएंगे। उन्होंने कहा, जय शिवाजी, हर हर महादेव और गणपति बप्पा मोरया के नारों पर भी आयोग को विरोध नहीं करना चाहिए। हमने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या भगवान और धर्म के नाम पर वोट मांगना अपराध है। हमने चुनाव आयोग को एक पत्र दिया था और कर्नाटक में मतदाताओं से पीएम मोदी की अपील का उल्लेख किया था कि उन्हें बजरंग बली की जय कहकर वोट करना चाहिए। अतीत में, सेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे को भी मतदान करने से रोक दिया गया था। चूंकि चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है, इसलिए हम मान लेंगे कि हम भगवान और धर्म के नाम पर वोट मांग सकते हैं। हम इसे खुले तौर पर करेंगे। ठाकरे ने नरीमन पॉइंट पर यूबीटी सेना के नव-पुनर्निर्मित शिवालय कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद ये टिप्पणी की। उन्होंने भाजपा को बैलेट पेपर से बीएमसी चुनाव कराने की भी चुनौती दी। उन्होंने कहा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। अब बीएमसी चुनाव कराओ। अगर आपका इतना मन है तो लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर पर करा लें। हमारे मन में भी कोई संदेह नहीं होना चाहिए। एग्जिट पोल ने जो कहा था, नतीजे उसके उलट हैं। तो फिर ऐसा कैसे हुआ? ये सवाल वोटर पूछ रहे हैं. यदि उस संदेह को दूर करने के लिए केवल एक ही चुनाव होना है तो एक चुनाव मतपत्र पर भी होना चाहिए। वैसे इसके अलावा भी हाल के चुनावों में कई घटनाओं पर चुनाव आयोग पर आरोप लगे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान पार्टियों और सरकारों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इसे लागू करना आसान नहीं है। एमसीसी काफी हद तक पार्टियों और सरकारों के सहयोग और भारतीय चुनाव आयोग की सतर्कता पर निर्भर है। हाल के दिनों में, ईसीआई ने भारतीय जनता पार्टी के असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और इसकी दिल्ली इकाई के अध्यक्ष के खिलाफ एमसीसी का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव और उनके बेटे और कैबिनेट सहयोगी के.टी. रामाराव विभिन्न प्रकार के कथित उल्लंघनों के बाद। ईसीआई ने राज्य के वित्त मंत्री टी. हरीश राव द्वारा दिए गए बयानों को उल्लंघन माना है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को ऐसे विज्ञापन जारी करने के लिए नोटिस दिया गया है जो तेलंगाना में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा की शिकायतों के आधार पर गांधी परिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए नोटिस दिया गया था।



निर्मल रानी
स्तंभकार

**श्री शाह ने मध्य प्रदेश में एक रैली के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का मुफ्त दौरा कराने की बात कही थी। उद्धव ने कहा कि चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की है, न ही इस मामले पर यूबीटी सेना के पत्र का जवाब दिया है।**

जानकारी

# बूंदी का इतिहास



बाद में इस क्षेत्र पर राव देवा का शासन था, जिन्होंने 1242 में बूंदी पर कब्जा कर लिया और आसपास के क्षेत्र का नाम बदलकर हरवती या हरोती रख दिया। अगली दो शताब्दियों तक, बूंदी के हाड़ा मेवाड़ के सिसौदिया के जागीरदार थे और उन्होंने 1569 तक राव की उपाधि से शासन किया , जब सम्राट अकबर ने रणथंभौर किले के आत्मसमर्पण और उनकी अधीनता के बाद राव सुरजन सिंह को राव राजा की उपाधि प्रदान की। 1632 में राव राजा छत्तर साल शासक बने, उन्होंने केशोरायपाटन में केशवराव का मंदिर और बूंदी में छत्र महल बनवाया । वह अपने दादा राव रतन सिंह के बाद बूंदी के राजा बने, क्योंकि जब रतन सिंह शासन कर रहे थे तब उनके पिता गोपीनाथ की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने अपने हाड़ा चौहान राजपूत दल के प्रमुख के रूप में मुगल सेना के साथ सेवा देखी और शाहजहां द्वारा उन्हें मुगल सेना का एक अभिन्न अंग माना जाता था । दारा शिकोह ने राव छत्तर साल को दिल्ली का गवर्नर पद सौंपा था, जो एक हिंदू के लिए एक दुर्लभ विशेषाधिकार था । औरंगजेब के विद्रोह के दौरान कई प्रलोभनों और यहाँ तक कि औरंगजेब की धमकियों के बावजूद वह शाहजहां और दारा शिकोह के प्रति वफादार रहे ।

# iQOO 12 5G की प्री-बुकिंग आज से हुई शुरू



नई दिल्ली: .iQOO भारतीय बाजार में iQOO 12 स्मार्टफोन को 12 दिसंबर को पेश करने वाला है। iQOO 12 भारत में पहला Qualcomm Snapdragon 8 Gen 3 पर बेस्ड स्मार्टफोन होगा। iQOO 12 भारत में लॉन्च से पहले AmazonऔरX iQOO स्टोर के जरिए प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गया है। iQOO भारत में iQOO 12 5G की प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को फ्रीबीज और डिस्काउंट प्रदान करेगा। इसमें 2999 रुपये के Vivo TWS ईयरबड्स शामिल हैं। iQOO 12 बीते महीने चीनी बाजार में iQOO 12 Pro के साथ पेश हुआ था। यहां हम आपको iQOO 12 5G के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**iQOO 12 कैसे करें बुक**

iQOO 12 5G की प्री-बुकिंग के लिए ग्राहकों को iQOO.com या Amazon.inपर जाना होगा और 999 रुपये का प्रायोरिटी पास खरीदना होगा।ददड का कहना है कि iQOO 12 प्रायोरिटी पास लिमिटेड हैं और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं। कंपनी के अनुसार iQOO 12 प्रायोरिटी पास खरीदने के लिए भुगतान की गई 999 रुपये की राशि रिफंडेबल है। iQOO 12 प्रायोरिटी पास आज यानी कि 5 दिसंबर दोपहर 12:00 बजे से खासतौर पर Amazonऔर iQOO स्टोर के जरिए खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। यूजर्स iQOO 12 प्रायोरिटी पास को 7 दिसंबर तक खरीद सकते हैं लेकिन लिमिटेड पास होने के चलते जल्द से जल्द खरीद सकते हैं।

**iQOO 12 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

iQOO 12 में 6.78 इंच की LTPO AMOLED डिस्प्ले है, जिसका रेजोल्यूशन 2800 .1260 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 144Hz, पीक ब्राइटनेस 3000 निट्स तक है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"केरल के पिनाराई विजयन के साथ एकजुटता की सराहना करते हैं। कॉमरेड पिनाराई विजयन आपके आउटरीच के लिए आभारी हैं। चेन्नई लगातार ठीक हो रहा है और केरल के लोगों की ओर से आपकी वास्तविक चिंता हमारे दिलों को छू जाती है। हम सब मिलकर इस चुनौती से पार पा लेंगे।"

एम.के.स्टालिन
मुख्यमंत्री



"द आर्चीज' फिल्म की कहानी कॉमिक बुक करेक्टर आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है। जोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म 'द आर्चीज' 07 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'द आर्चीज' शरद देवराजन और रीमा कागती द्वारा टाइगर बेबी और ग्राफिक इंडिया के बैनर तले बनाई गयी है।"

जान्हवी कपूर
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## रागी भोजन का बेहतरीन विकल्प

पोऐसी परिवार का एक मोटा अनाज है रागी जिसे झारखंड में मडुआ के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी में इसे फिंगर मिलेट कहा जाता है और इसका वैज्ञानिक नाम इल्यूसिन कोराकाना है। मिलावटी अनाज और अपुष्ट आहार के दौर में रागी अनाज का एक बेहतर विकल्प है। हल्के काबोर्हाइड्रेट, फाईबर और एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति इस अनाज को एक संतुलित एवं पौष्टिक आहार बनाता है। कफ विकार, त्वचा संबंधी रोग, पथरी रोग, मूत्र रोग इत्यादि में यह अनाज बहुत ही कारगर है। पहले यह गरीबों का अनाज हुआ करता था, आज यह आम और खास सबों के लिए एक आवश्यक पौष्टिक आहार बन गया है। अफ्रीकी देश इथियोपिया और युगांडा के उंचाई वाली भूमि से पूरी दुनिया में आने वाला यह अनाज अफ्रीका और एशिया के उष्ण जलवायु क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में उपजाया जाता है। मडुआ की सबसे बड़ी खासियत इसमें कम वसा का होना और शूगर फ्री होना है। इसके आटे की रोटी का प्रतिदिन सेवन और खाने के बाद एक गिलास नींबू पानी पीना उच्च रक्तचाप वाले रोगियों के लिए एक अच्छी औषधि है। यह अत्यधिक प्यास को कम करता है। कम वसा के कारण इसका सेवन मोटापे से भी बचाता है। मट्ठे के साथ इसका सेवन स्वादिष्ट फ्लेवर देता है। दुर्भाग्य है कि हमारे किसान इसकी खेती कम कर रहे हैं, किंतु यह पौष्टिक अनाज किसानों की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बना सकता है क्योंकि अब विकासशील देश ही नहीं विकसित देश भी रागी जैसे मोटे अनाजों के महत्व को समझ रहे हैं। यह गेंहूँ एवं चावल का बेहतर विकल्प है, और हमें अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए इन अनाजों का सेवन अवश्य करना चाहिए।

**देवेश कुमार देव**
**इसरी बाजार, गिरिडीह**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

## दो दिवसीय कृषि मेला आयोजित

**सासाराम (रोहतास):** आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला के दूसरे दिन मेला में किसानों कि उपस्थिति नहीं देखा गया। बताया गया कि कृषि मेला के प्रचार प्रसार का अभाव के अलावा बजारों से कृषि यंत्र कीमत अधिक होने से किसान मेला में नहीं पहुंच रहे हैं। कृषि मेला में दूसरे दिन किसानों कि उपस्थिति नहीं होने लगे कृषि यंत्रों के स्टाल भी खाली दिखा प्रशिक्षण के लिए लगाए गए कुर्सी पूरी तरह से खाली दिखा। जो प्रमाण के लिए खाली कुर्सी काफी है कि कृषि प्रधान जिला रोहतास में कृषि मेला में किसानों कि उपस्थिति नहीं जुटने पर कई सवाल खड़े होने लगे हैं।

# पुलिस पर भारी पड़े अपराधी, एक्सिस बैंक से 16 लाख रुपये लूट फरार हुए दर्जनों अपराधी

## घेराबंदी कर अपराधियों के सरेंडर का इंतजार करती रही पुलिस

- बैंक के अंदर पहुंची पुलिस तो फरार हो चुके थे अपराधी
- धरी रह गई पुलिस की आग्नेयास्त्र व बुलेटप्रूफ जैकेट

राष्ट्रीय खबर

**आरा (भोजपुर) :** जिला क्षेत्र के नवादा थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस रोड पर एक्सिस बैंक शाखा से आधा दर्जन लुटेरों ने सुबह-सुबह 16 लाख रुपए लूट लिए। लुटेरे चार मिनट के अंदर ही बैंक के काउंटर पर रखे 16 लाख रुपए लूटकर भा गए थे। लेकिन गलत सूचना की शिकार बन गई पुलिस बैंक की बाहर से घेराबंदी करके डेढ़ घंटे तक लुटेरों को एनकाउंटर का डर दिखा सरेंडर की अपील करती रह गई। बाद में जब भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर बैंक के अंदर घुसे तो पता चला कि कोई लुटेरा बचा ही नहीं है। जो सोचनीय बात है कि डेढ़ घंटे तक पुसि लुटेरों का बैंक के बाहर इंतजार करती रह गई। जबकि लुटेरे इतने समय का फायदा उठाकर काफी दूर निकल गए होंगे। लूट के दौरान किसी स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंच है और बैंक का लॉकर भी सुरक्षित है। वही भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने बताया की सुबह लगभग 10:15 बजे एक्सिस बैंक आरा में पांच अपराधी हथियार के साथ घुसे थे और बैंक कर्मियों को एक रूम में बंद कर दिया। साथ ही काउंटर पर रखे हुए लगभग साढ़े 16 लाख रुपए लेकर 4 मिनट के अंदर फरार हो गए। बैंक कर्मियों ने थोड़ी देर बाद पुलिस को किसी फोन से सूचना दी की अपराधी बैंक के अंदर हैं इस पर पुलिस ने बैंक को घेर कर अंदर घुसी तो बैंक कर्मियों को निकाला गया और फुटेज चेक करने का पता चला कि अपराधी बैंक कर्मियों को एक रूम में बंद करते हुए साढ़े 16 लाख रुपया को लेकर फरार हो गए। अपराधियों का फोटो और वीडियो प्राप्त हो गया उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित करके कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।





## न्यूज फटाफट

### मुंबई के रिंग में अपने दमखम का जलवा बिखेरेंगे धरहरा के लाल अमन

राष्ट्रीय खबर



**धरहरा/ मुंगेर :** धरहरा का लाल जल्द ही मुंबई के रिंग में उतरकर अपने दमखम का जलवा दिखाने वाले हैं। यह जानकारी ए इंस्टीट्यूट ऑफ मेरेटियल आर्ट जमालपुर मुंगेर के प्रशिक्षक मनीष शर्मा ने देते हुए बताया कि धरहरा प्रखंड के औड़ाबगीचा पंचायत के मोहनपुर निवासी कृष्णा मुरारी परमार का पुत्र अमन आर्यन का चयन मुंबई के एम एम ए चैम्पियन लींग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह आगामी 9 दिसंबर को मुंबई के रिंग में उतरकर प्रो एम एम ए लीग के मुकाबले में सीनियर वेटेज ऐज वाले खिलाड़ियों के साथ अपने फाइटिंग अंदाज से बेहतरीन प्रदर्शन कर धरहरा प्रखंड के साथ ही मुंगेर जिला का नाम रौशन करेंगे। एम एम ए चैम्पियन लींग मुंबई में भाग लेने के लिए उक्त खिलाड़ी गुरुवार को रवाना होंगे। ग्रामीण परिवेश से निकलकर मुंबई के रिंग में अमन आर्यन के पहुंचने पर धरहरा महरना पंचायत के पंसस आशीष कश्यप , समरेश सिंह , बिट्टू सिंह धरहरा ताइक्वांडो क्लब के प्रशिक्षक नीरज कुमार , विश्वजीत प्रताप सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने अमन आर्यन को बधाई देने के साथ ही खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दिया है।

### मोतिहारी में पहले से घात लगाए बदमाशों ने युवक को मारी गोली



**मोतिहारी:** नगर निगम क्षेत्र के नेशनल हाईवे के करीब जमला रोड में अज्ञात बदमाशों ने जिम करने जा रहे युवक को घेर पहले हाथापाई की फिर गोली मार दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से मोतिहारी के निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया. निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया. वहीं, घायल युवक को इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई. वहीं, घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए. पुलिस अपराधियों को चिन्हित करने की कारवाई तेज कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमला गांव निवासी चन्द्रशेखर सिंह के तीसरे पुत्र राहुल उर्फ छोटू प्रतिदिन की तरह बुधवार की सुबह बाइक से जिम करने जा रहा था. इस दौरान जमला रोड में चंडी माई स्थान के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने राहुल को घेर लिया और हाथापाई शुरू हो गई. इसी बीच बदमाशों ने गोली चला दी, जिसके बाद राहुल को गोली लग गई. राहुल बेहोश होकर गिर गया. स्थानीय लोग गोली चलने की आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे. मौके पर लोगों के पहुंचने से पहले बदमाश भाग चुके थे. वहीं, घायल युवक राहुल सिंह को मोतिहारी के एक निजी अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया. मोतिहारी सदर एसडीपीओ राज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जमला गांव निवासी राहुल कुमार सिंह की सुबह जिम जाने के दौरान बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. बदमाशों ने राहुल को चार गोली मारी है. स्थानीय लोगों के अनुसार दो बदमाश घटना का अंजाम दिया है. वहीं, घटना को लेकर जांच की जा रही है. परिजनों से पूछताछ की जा रही है, जिससे घटना का कारण स्पष्ट हो सके. वहीं, एसडीपीओ राज ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष को घटना की जांच में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कई बिंदु पर जांच करने आदेश दिया.

सिटी

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**पुण्यतिथि पर भाकपा माले का 5वीं पंचायत सम्मेलन का हुआ आयोजन**

राष्ट्रीय खबर

**गड़हनी (भोजपुर) :** प्रखण्ड क्षेत्र के बलिगांव में बुधवार को बाबा साहब डॉ० भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर भाकपा माले का 5वीं पंचायत सम्मेलन आयोजित किया गया। पंचायत सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य व सम्मेलन की अध्यक्षता और संचालन विकास कुमार ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता जिला सचिव जवाहर लाल सिंह एवं सम्मेलन के पर्यवेक्षक ब्लॉक कमीटी सदस्य राम बाबू यादव थे। मुख्य वक्ताओं में अगिआंव विधायक मनोज मंजिल, गड़हनी अंचल सचिव सुनील कुमार, किसान नेता राम छपित राम, रामायण राम, विकास कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में 11 सदस्यीय पंचायत कमिटी का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से युवा नेता विकास कुमार को पंचायत का सचिव चुना गया। वही 11 सदस्यीय कमिटी में विकास कुमार सचिव, शिव लखन राम, विकास मल्होत्रा, मुन्ना पासवान, लाल मुनि सिंह,रामायण राम,कामता पासवान, शारदा देवी, मुन्ना देवी, सुरेंद्र यादव, कृष्ण कुमार राम चुने गए। बैठक को संबोधित करते हुए कॉ० स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा की हर बूथ पर माले का ब्रांच गठन किया जाएगा, हर बूथ के एरिया में नौजवानों, महिलाओं और स्किम वर्कर्स को माले में भर्ती किया जाएगा।

## बैंक लूट कांड के चार संदिग्ध अपराधियों की पुलिस ने जारी किया फोटो




**आरा (भोजपुर):** नवादा थाना क्षेत्र के होमगार्ड मोड पर एक्सिस बैंक की शाखा में हुए 16 लाख 50 हजार लूट के बाद भोजपुर पुलिस सक्रिय हो गई है और कई टीमों का गठन करके अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी जारी है वहीं पुलिस ने चार संदिग्ध के फोटो जारी किए हैं जिसमें लोगों से अपील की गई है कि अगर यह लोग कहीं भी देखे तो इसकी सूचना पुलिस तक लोग पहुंचाएं और प्रशासन का सहयोग करें इसके लिए उनकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। भोजपुर के जिला पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने चार संदिग्धों के फोटो जारी करते हुए कहा कि इन लोगों को पकड़वाने में आम लोगों से अपील है कि वे लोग सहयोग करें ताकि इस कांड में जो भी अपराधी शामिल है। उनको जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाए।

# दलित-समागम का कार्यक्रम बड़े पैमाने पर संपन्न हुआ



**पटना:** लोजपा- (रा) के राज्य मुख्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा की डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमूर्ति है,चिराग पासवान। डॉ. अम्बेडकर ने आजादी के समय हिन्दुस्तान, पाकिस्तान के बटवारा के समय ही दलिस्तान देश बनाने की मांग को खारिज किया था। आज जाति के नाम पर समाज को बाटने की साजिश को चिराग पासवान और लोजपा-(रा) ने न सिर्फ नकारा है, बल्कि समाज के सभी जाति धर्म और सम्प्रदाय के लोगों को जमायत में सफलता पूर्वक बाधा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति - जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान ने किया और संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान ने किया। डॉ. अम्बेडकर के शिक्षित बनो,संगठित हो,संघर्ष करो के मंत्र को चिराग पासवान ने अपने बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन डॉक्यूमेंट का आधार बनाया है। गरीब और अमीर के बीच के खाई को पाटे बिना समता मूलक समाज की स्थापना नही हो सकता है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा, डॉ. अचुतानंद सिंह, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान,पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ई.रमेश सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अमरदीप जयसवाल, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पटना महानगर अध्यक्ष सियाराम कुमार,पटना महानगर उपाध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष विजय पासवान, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुदिप्त कुमार,विंदा पासवान,उमेश दास, भूषण दास,संध्या देवी, सुरेश पासवान ने संबोधित किया।

### जदयू नेता पर गोली चलाने के आरोप में तीन गिरफ्तार



**बेतिया :** जदयू नेता मनोज कुशवाहा को गोली मार घायल करने के मामले में योगापट्टी थाना की पुलिस ने तीन को एक लोडेड देशी कट्टा एवं तीन जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। 5 दिसंबर की शाम योगापट्टी थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में जदयू कार्यकर्ता मनोज कुशवाहा लगभग 33 वर्ष, पिता रामनाथ महतो को घर में घुसकर दो बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने गोली मारकर घायल कर दिया। जिसमे थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहूंच कर इस घटना में शामिल तीन अपराधियों को ग्रामीणों की सहायता से एक लोडेड देशी कट्टा, 315 का तीन जिन्दा कारतूस, 315 का एक खोखा, दो बाइक तथा तीन मोबाईल के साथ गिरफतार किया। जख्मी मनोज कुशवाहा को इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां वह चिकित्सरत है। जख्मी मनेज कुशवाहा का इस घटना में शामिल गिरफ्तार अपराधी अंकित सिंह से पूर्व से व्यक्तिगत दुश्मनी बताई है। उसने सहयोगियों के साथ इस घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार युवक रॉकी सिंह उम्र 30 वर्ष पिता भिखारी सिंह, अमन सिंह उम्र 24 वर्ष, अंकित सिंह उर्फ छोटू सिंह उम्र 22 वर्ष दोनो पिता राकेश सिंह, सभी डोही मटकोटा, थाना-योगापट्टी, पश्चिम चम्पारण के बताए गए हैं।

## नीलगायों के चपेट में आने से दो बाइक सवार जख्मी



**करगहर (रोहतास):** बरांव-जहानाबाद पथ पर पढ़ोती गांव के बधार समीप गुजर रहे बाइक सवार दो युवकों को नीलगायों के झुंड ने रौंद दिया। जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कैमूर जिला के कुदरा थाना अंतर्गत उदार निवासी प्रभु दयाल राम और संकठा राम एक रिश्तेदारी से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि पढ़ौती और माती गांवों के बधार में सड़क पार करने के दौरान नीलगायों के झुंड उन्हें रौंदते हुए निकल गई इस घटना में दोनों जख्मी हो गए।

### पांच आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



**करगहर (रोहतास):** तीन माह पूर्व जानलेवा हमले में शामिल अभियुक्त मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि करगहर थाना कांड संख्या 288/23 के पांच आरोपियों मंगल चौधरी, दीपक चौधरी,सन्नी चौधरी,सोनू कुमार और रामबाबू चौधरी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**कोचस (रोहतास) :** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी करते हुए गोरेया नदी के समीप से एक ट्रैक्टर के ट्राली मे छिपा कर ले जाए जा रहे 961 पॉइंट 200 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर करगहर थाना क्षेत्र के बकासडा निवासी जयनेंदर कुमार का पुत्र वरमेंदर कुमार बताए जाते है। इसकी पुष्टि करते हुए परसथुआ ओपी थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा मे शराब की खेप ट्रेक्टर के ट्राली मे छिपा कर कैमूर मोहनिया होते हुवे कोचस की तरफ बिक्री के लिए ले जाई जा रही है। इसी क्रम में डीआईयू व कोचस थाना के सहयोग से गोरेया नदी के समीप सक के निसानदेह पर एक ट्रेक्टर की तलाशी ली गई जिसमे ट्राली मे छिपा कर रखे गए एट पीएम 180 एमएल का 80 पेटी, ब्लू लाइम देशी शराब 200 एमएल का 20 पेटी, 175 एम एल रॉयल स्टेज का 10 पेटी यानी कुल 961.200 लीटर बिदेसी शराब के साथ ट्रेक्टर व शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस शराब को जप्त कर ओपी थाने लाई जहां तस्कर के उपर मध निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।



### अपहरण के खिलाफ भाकपा माले ने दिया धरना

**आरा (भोजपुर) :** मुफ्फसिल प्रखंड के कारवां निवासी अनिल कुमार पासवान के अपहरण के खिलाफ भाकपा-माले आरा मुफ्फसिल प्रखंड कमेटी की ओर धरना दिया। जिसमें अनिल कुमार पासवान की सकुशल बरामद करने, अपहरणकताओं को गिरफ्तार करने व परिजन को सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। मौके पर विजय ओझा, क्यामुद्दीन अंसारी, जिला कमेटी सदस्य बालमुकुंद चौधरी, अमित कुमार बंटी, रामानुज, हरेराम सिंह, कामता बिंद, सत्येन्द्र पासवान, पप्पू गुप्ता, जगजीवन राम, होरिक मुसहर,रामजी पासवान, अमरनाथ पासवान शामिल थे।

### डॉक्टर ने बताया कि गोली मनोज कुशवाहा के सीने में फंसी हुई है

**बेतिया:** बेतिया में मंगलवार को देर शाम में अपराधियों ने जदयू नेता के घर में घुसकर गोली मार दी है जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है. घायल जदयू नेता मनोज कुशवाहा को गंभीर स्थिति में जीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने इलाज कर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है. मनोज कुशवाहा वाल्मीकिनगर से जदयू सांसद सुनील कुशवाहा के स्थानीय प्रतिनिधि भी हैं. घटना योगापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव स्थित मनोज कुशवाहा के घर की घटना है.जहां अपराधियों ने मनोज कुशवाह को सीने में गोली मारी है.गोली मारकर भाग रहे आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उनकी धुनाई कर दी. इसके बाद तीनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया. बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी लेकिन पुलिस इस मामले में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि पूर्व के विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है.वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने बताया कि तीन बदमाशों ने मनोज कुशवाहा के घर में घुसकर उनके सीने में गोली मार दी. कुशवाहा को जीएमसी में इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया है. डॉक्टर ने बताया कि गोली मनोज कुशवाहा के सीने में फंसी हुई है. गोलीबारी की इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं, इस मामले में बेतिया एसडीओ महताब आलम ने बताया कि एक व्यक्ति को आरोपी द्वारा गोली मारी गई है. घटना को अंजाम देने वाले तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और तीनों अपराधियों से पूछताछ की जा रही है.

# नाच के दौरान हर्ष फायरिंग में बालक को लगी गोली, जख्मी

- छोटे भाई को गोली से जख्मी करने वाले शख्स का घेराव कर रहे बड़े भाई को स्कॉर्पियो से रौंदा
- घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय खबर

**आरा (भोजपुर) :** चरपोखरी थाना क्षेत्र के देकुड़ा गांव में मंगलवार की रात बारात में नाच के दौरान एक व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान सीतामढ़ी निवासी एक बालक व दूल्हे के भतीजे को गोली लग गई। जख्मी बालक को गोली बाएं साइड पंजरी में लगी है। गोली लगते ही वह खून से लतपथ जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। बताया जाता है कि जख्मी नाबालिक बालक सीतामढ़ी जिला के नानपुर थाना क्षेत्र के बुधनगरा देवढ़ी गांव निवासी रंजीत महाराज का 11वर्षीय पुत्र सक्षम बाबू है। वही फायरिंग के आरोपी जो स्कॉर्पियो गाड़ी से भाग रहा था। तभी जख्मी बालक के बड़े भाई ने उसे पकड़ना चाहा तो भागने के दौरान उसने स्कॉर्पियो से उसे भी धक्का मार फरार हो गया। जिससे वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे भी इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इधर जख्मी बालक के पिता रंजीत महाराज ने बताया कि उनके भाई सोनू कुमार का बरात सीतामढ़ी से चरपोखरी थाना क्षेत्र के देकुड़ा गांव संजय तिवारी के घर आई थी। मंगलवार की रात जब वह अपने दोनों बेटे को मंडप की ओर ले जा रहे थे। उसी दौरान गांव के एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान उनके छोटे बेटे को बाए साइड पंजरी में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद जब उनके बड़े बेटे ऋतुराज बाबू ने गोली चलाने वाले व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश की तो वह अपने स्कॉर्पियो में बैठकर भागने के क्रम में उसे भी स्कॉर्पियो से रौंद दिया। जिससे भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वही इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि चरपोखरी थाना अंतर्गत देकुडा गांव में एक व्यक्ति संजय तिवारी के घर शादी कार्यक्रम था। जिसमें गोली चलने से एक बच्चे को कमर में गोली छीलते हुए निकल गई। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंची। जहां आरंभिक जांच में पता चला की शादी कार्यक्रम में एक व्यक्ति की राइफल से हवाई फायरिंग के क्रम में गोली का छर्रा लगने से एक लड़का घायल हो गया। गोली चलाने वाले का सत्यापन किया जा रहा है और साथ में जो शादी कार्यक्रम के आयोजक हैं। उनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



प्रदेश >> अपडेट

### अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

**देवघर:** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश कांग्रेस के नेताओं के साथ देवघर के अंबेडकर चौक स्थित देश के संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उन्हें याद करते हुए नमन किया। प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान विद्वान और शिल्पकार थे। स्वतंत्रता समानता एवं बंधुत्व के द्योतक और गरीबों,शोषितों एवं वंचितों के मसीहा थे ।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### डेढ़ क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट और जिलेटिन के साथ दो गिरफ्तार

**पाकुड़ :** हिरणपुर पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक मारुति वैन से डेढ़ क्विंटल विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट और 18 सौ पीस जिलेटिन तार जप्त किया है। विस्फोटक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार भी की गई है। इस संबंध में मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद ने आज हिरणपुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि किरणपुर पुलिस कल देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान एक मारुति वाहन संख्या डब्लू बी 40 ए 1080 की जांच के दौरान उसमें तीन पैकेट में अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक और 18 सौ पीस जिलेटिन तार जप्त किया गया है।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बेरमो :** फुसरो एचडीएफसी बैंक फुसरो के शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिस प्रकार ऋतुएं बदलती रहती है ठीक उसी प्रकार सरकारी सेवा में एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरण भी निश्चित है। उक्त बाते शाखा प्रबंधक अमरेंद्र पांडेय ने बैक परिसर मे सम्मान समारोह मे कहा कि हजारों खाताधारकों तथा सहयोगी कर्मियों से जो स्नेह एवं प्यार मिला उसे भुलाया नहीं जा सकता।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी का आयोजन

**पाकुड़ :** झलासा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में आज मंगलवार को पाकुड़ सदर के कालितल्ला में विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूक की गई साथ ही प्रभात फेरी निकाली।उक्त कार्यक्रम में पीएलवी मैनुल शेख ने डालसा से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी। साथ ही पीएलवी पिंकी मंडल बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी के साथ महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए जागरूक की। वहीं जागरूक पर्ची बांटी गई मौके पर पीएलवी खुदु राजवंशी, नीरज कुमार राउत समेत लोग उपस्थित रहे ।

### हज यात्रा की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 को

**पाकुड़ :** बम्बे हज कमिटी ऑफ इंडिया 2024 सफर हज पर जाने वाले हज यात्रिओ के लिए आवेदन करने की तारिख की घोषणा कर दी है जो 4 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तय है झारखण्ड हज कमिटी रांची ने हज यात्रियों से 20दिसम्बर तक आवेदन ऑन लाइन करने की अपील की है इसकी जानकारी पाकुड़ जिला हज कोडीनेटर मो रियाज अली ने दी उन्होंने कहा कि 4 दिसम्बर से हज आवेदन शुरू हो गया है जो 20 दिसम्बर तक चलेगा हज पर जाने का इरादा रखने वाले हजरात हज गाइड के आधार पर आवेदन ऑन लाइन कर सकते है इसके लिए हज कमिटी ऑफ इंडिया के बेब्साइड या जारी सुविधा एप्प के माध्यम अपना आवेदन कर सकते है अली ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय पास पोर्ट 31 जनवरी 2025 तक बैध होना चाहिए साथ ही कोरोना वेक्सीन कार्ड भी जरूरी होगा ।

टेंडर

राज्य में सरकार झामुमो पर चलती है बीजेपी की

# देवघर में टेंडर के दौरान दिखा बीजेपी का दबदबा टेंडर मैनेज करने में लगे इंजीनियर

- विपत्र सही मायने में बिक्री की जाती तो सरकार को लाखों का राजस्व प्राप्त होता
- विपत्र की बिक्री नहीं होने से ठेकेदारों में रोस है

राष्ट्रीय खबर



**देवघर:** देवघर जिला के सारठ विधानसभा क्षेत्र से करीब 39 योजनाओं का टेंडर निकाला गया है। विधिवत उस टेंडर को लेने के लिए ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से विपत्र बिक्री की अधिसूचना जारी की गई थी। जिसमें 4 दिसंबर की तारीख तय की गई थी, अचानक ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से उस तारीख को 2 दिन आगे बढ़ा दिया गया, जिसके मुताबिक 6 दिसंबर को 39 योजनाओं के लिए टेंडर भरने के लिए विपत्र की बिक्री की जानी थी। 6 दिसंबर को कार्यालय में विपत्र खरीदने के लिए वहां ठेकेदारों का जमावड़ा लगा था, लेकिन विपत्र की बिक्री नहीं की गई। विपत्र की बिक्री नहीं होने से ठेकेदारों में रोस है, ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि कार्यालय के एस्क्यूटिव इंजीनियर और वहां के जेई की मिली भगत से टेंडर को मैनेज करने की प्रक्रिया चल रही है। सूत्र बताते हैं कि, कार्यालय में कार्यरत के गौरव कुमार भाजपा से रिश्ता रखते हैं। और टेंडर भी भाजपा विधायक रणधीर सिंह के क्षेत्र का है, इसलिए भाजपा के लोगों को ही उसका काम दिया जाएगा।

इधर कार्यालय में पहुंचे ठेकेदारों ने बताया कि विपत्र की बिक्री नहीं होने से सीधे तौर पर सरकार के राजस्व की हानि हुई है, उनके मुताबिक अगर विपत्र सही मायने में बिक्री की जाती तो सरकार को लाखों का राजस्व प्राप्त होता। इस आरोप को लेकर विभाग के एस्क्यूटिव इंजीनियर कृष्ण कुमार चौधरी से बात किया गया तो, उन्होंने इस मसले पर तो जवाब नहीं दिया। गोल मटोल बातें कर फोन को काट दिया। इसके बाद देवघर डीडीसी कुमार ताराचंद से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

न्यूज फटाफट

### आज से शुरू होगा देवघर स्कूल ओलंपिक गेम्स 2023, सील्ड का हुआ अनावरण



**देवघर :** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा में आज से तीन दिवसीय स्कूल ओलंपिक गेम्स 2023 का आयोजन किया जाएगा इससे एक दिन पूर्व ओलंपिक संघ के द्वारा प्रेस वार्ता किया गया जिसमें ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों को मिलने वाले मेडल और शील्ड का अनावरण किया गया मौके पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुनील खवाड़े, आशीष झा सहित दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे। गौरतलब है कि ओलंपिक गेम्स 2023 में कूल 12 खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, टेनिस क्रिकेट, रस्सा कस्सी, योगा , चेस,फोक डांस, कराटे और हैंडबॉल शामिल है। प्रेस को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुनील खवाड़े ने कहा की देवघर में लगातार खेल प्रेमियों की संख्याओं में इजाफा हो रहा है पहले ओलंपिक गेम्स में जितने खिलाड़ी भाग लिए थे, उससे कहीं ज्यादा खिलाड़ी दूसरे ओलंपिक गेम्स में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि ओलंपिक गेम्स के दौरान करीब 2 हजार खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे जो देवघर के लिए एक इतिहास रचेगा । वहीं आशीष झा ने कहा कि राज्य में खेल का स्वर्णिम अवसर चल रहा है, जिसमें प्रतिभावान खिलाड़ियों को भरपूर मौका दिया जा रहा है। देवघर से कई खेल प्रेमी खिलाड़ियों ने देश विदेश में अपना परचम लहराया है, जिससे यह साबित होता है कि देवघर खेल संघ खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील है।

## अयोध्या के अक्षत को समारोह पूर्वक वेणी मंदिर में किया स्थानांतरित




राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत के कलश को नगर के महावीर मंदिर से आज समारोह पूर्वक जय भवानी संघ चौक के नजदीक स्थित बेनी मंदिर में ले जाया गया। कल सुबह दस बजे तक यह कलश उसी मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा रहेगा। तत्पश्चात, कल गुरुवार को अक्षत कलश को रेड़मा स्थित काली मंदिर में ले जाया जाएगा। शुक्रवार को अक्षत कलश राजेंद्र चौक के पास स्थित काली मंदिर में, तो शनिवार को शनि मंदिर में रखा जाएगा। इसी तरह अक्षत कलश को नगर के विभिन्न मंदिरों में क्रमशः सनातन धर्मावलंबियों के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा जाएगा। अगले महीने 01 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा जिला के 1,25,000 हिंदू परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लाइव टेलीकास्ट विभिन्न मंदिरों में बड़ा स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। उस दिन विभिन्न मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के रात्रि को विशेष बनाने के लिए रात्रि के दौरान भव्य दिवाली का आयोजन पूरे देश भर में किया जायेगा।

## उपायुक्त ने किया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** रानीश्वर प्रखंड के मुरगुनी में सिद्धेश्वरी नदी पर बन रहे मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन बराज का भी अवलोकन किया एवं कई आवश्यक निदेश संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को दिया। उन्होंने निदेश दिया कि सिंचाई परियोजना कार्य मे तेजी लाएं एवं निर्धारित समयावधि में बचे कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। कहा कि यह परियोजना रानीश्वर और मसलिया प्रखंड के बड़ी आबादी को प्रभावित करेगी और उस क्षेत्र के ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए लाइफ लाइन साबित होगी। ज्ञात हो कि मसलिया- रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना पर लगभग 1313. 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 समेत कुल 276 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के चालू होने से मसलिया तथा रानीश्वर प्रखंड के लगभग 22 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी। सिद्धेश्वरी नदी पर मुरगुनी गांव के पास एक बराज भी बनाया जा रहा है ताकि पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई योग्य भूमि में पटवन के लिए हमेशा पानी उपलब्ध रहे। अगर कभी भारी वर्षा हो और खेतों को उतनी पानी की जरूरत नहीं है तो उस पानी को अगल-बगल के जलाशयों में डाइवर्ट कर भरा जाएगा, ताकि उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल हो सके। योजना का कार्य तीन वर्षों में पूरा कराया जाना है। इस योजनान्तर्गत मसलिया प्रखंड के कुल 13 पंचायत मसानजोर, कुंजबोना, नयाडीह, गोलगंधा, धोबनाहरिनबहाल, रांगा, हारोरायडीह, कठालिया, कोलारकेन्दा, आमगाछी, दलाही, कुसुमघाटा एवं हथियापाथर को लाभ मिलेगा वहीं रानेश्वर प्रखंड के 4 पंचायत यथा बिलकादी, वृन्दाबनी, गोविंदपुर एवं बांसकुली को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

## आयोजन होना सूबे के लिये गौरव की बात: बादल



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** थर्ड दुमका ऑल इंडिया फिडे शतरंज टूनार्मेंट का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम दुमका में किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन बादल पत्रलेख मंत्री झारखंड सरकार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्री पत्रलेख ने कहा कि दुमका में इस तरह का आयोजन होना झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। श्री पत्रलेख ने विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों से बात कर उनका हौसला बढ़ाया। इस टूनार्मेंट के निदेशक श्री सुदर्शन प्रसाद मंडल, डीआईजी, संथाल परगना प्रक्षेत्र दुमका ने अपने संबोधन में कहा कि अत्यंत अल्प समय में किसी टूनार्मेंट को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ग्रैंड मास्टर और इंटरनेशनल मास्टर अपने-अपने मैच जीत चुके हैं। दुमका के खिलाड़ी घनश्याम प्रसाद शाह, मिठू पांडे, मोहसिन अंसारी अपने अपने मैच जीत चुके हैं। टूनार्मेंट के उद्घाटन सत्र में नूर मुस्तफा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विजय कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अतिन कुमार, नगर थाना प्रभारी, डॉक्टर तुषार ज्योति, सार्जेंट मेजर दुमका उपस्थित थे। टूनार्मेंट को सफल बनाने में जिला शतरंज संघ के सचिव घनश्याम प्रसाद शाह, हरिलाल प्रसाद, मिठू पांडे, दीपक अग्रवाल, शिशिर घोष, डॉ मनोज कुमार घोष, दाउद अली, दीपक शाह, राजेश मिश्रा , प्रेम कुमार , राधे भालोठिया सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे सत्र में मंच का संचालन श्री उमाशंकर चौबे सचिव जिला खेलकूद संघ दुमका ने किया। इस टूनार्मेंट मुख्य प्रायोजक हैं डब्ल्यूबीपीडीसीएल ,अडानी पावर एवं दिलीप बिल्डकॉन।

## "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" पेट्रोल पंपों में लगवाने का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**गोडडा:** क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोकने का प्रयास पुलिस-प्रशासन के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर बुधवार को नगर थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने सभी पेट्रोल पंप मालिको एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि कोई भी बाइक सवार बगैर हेलमेट और कार चालक बिना सीट बेल्ट के पेट्रोल पम्प पर अगर पेट्रोल अथवा डीजल डलवाने आते है। तो उसकी गाड़ी में बिल्कुल पेट्रोल व डीजल न भरे जिससे वह अगली बार कानून का पालन कर सके। अगर बिना हेलमेट के तेल देते पेट्रोल पंप पकड़े गए तो उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा सकती है। थाना प्रभारी मोदक ने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपो में अपने-अपने पंप के आगे हेलमेट नहीं तो तेल नहीं नो हेलमेट नो पेट्रोल का बोर्ड लगाने का निर्देश दिये है। इस संबंध में पेट्रोल पंप के मालिको व कर्मियों से पूछा गया तो बताया कि आदेश का अक्षरस पालन किया जाएगा।बिना हेलमेट के किसी को भी पेट्रोल व डीजल नहीं दिया जाएगा। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नही बल्कि अपने परिवार से दोबारा मिलने के लिए पहने। सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मौतें सिर में चोट लगने की वजह से हुई है। इन्ही धटनाओं को रोकने के लिए ये मुहिम चलाई जा रही है। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के साथ अवर निरीक्षक द्वारिका प्रसाद, आरक्षी सौरभ कुमार सिंह, आस्माका यादव, अनुज कुमार, शिवजी यादव आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम

चुनाव से पहले भाजपा ने लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा

# झारखंड में 2024 में बनेगी भाजपा की सरकार : आरती सिंह

राष्ट्रीय खबर




**देवघर:** 2024 में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प के साथ भाजपा महिला मोर्चा ने देवघर जिला में भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में महिला लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, प्रदेश की अध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित थी ।महिला लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के अध्यक्षता देवघर जिले के जिला अध्यक्ष विजया सिंह ने किया। महिला लाभार्थी संवाद के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा ने यह संकल्प लिया की आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में महिला विरोधी सरकार हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। लाभार्थी संवाद में अलग-अलग मंडलों से आई हुई लाभार्थी बहनों ने अपने-अपने अनुभव शेयर किया, प्रधानमंत्री के चल रहे योजनाएं से लाभान्वित बहनों ने बताया हमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, इज्जत घर, श्रम सम्मान, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन योजना, कोविड वैक्सीन का लाभ मिला है।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा की भाजपा महिला मोर्चा आने वाले चुनाव में पूरी तरह से सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जन-जन तक महिला मोर्चा की एक कार्यकर्ता बहन यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के योजनाओं को पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने महिला लाभार्थी से संवाद करते हुए कहा की एक बार आप सभी मातृशक्ति का आशीर्वाद मोदी जी को चाहिए साथ ही अपने वक्तव्य में सभा को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। क्योंकि आज अगर महिलाओं को सम्मान और महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है तो देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। आरती सिंह ने बताया प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उन्हें सशक्त करने के साथ उनके सपनों को पूरा करने का जो काम किया है।

## विकास का नाम हैं मंत्री मिथिलेश ठाकुर: सन्नी

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** पूर्व मेयर साहिबा को मंत्री मिथिलेश ठाकुर का नाम लेने से पहले पलामू के अपनी पार्टी विधायकों के कार्यों के बारे में बात करना चाहिए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जितना विकास कार्य किया है, भाजपा के मंत्री और विधायकों ने अपने तमाम कार्यकालों में उसका दस प्रतिशत भी नहीं किया है, जबकि पिछले 10 सालों से पलामू के सभी सीटों पर भाजपा के विधायक सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर जीतते आ रहे हैं। परंतु इन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खेलने और जुमला देने के अलावा कभी कुछ नहीं किया; ये बातें कहीं हैं झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने। जिन लोगों ने अपने कार्यकाल में टैंकर से पानी बंटवाने के बजाय सौंदर्यीकरण के नाम पर पानी बहाया है। अब मेयर का ख्वाब दूर होता देख, विधायक बनने के लिए सरकार पर अनर्गल बयान छपवाकर राजनीति चमकाए रखना चाहते हैं। पलामू के किसानों की बात अचानक मेयर साहिबा करने तो लगी हैं, परंतु उन्हें याद करना चाहिए कि मंडल डैम का शिलान्यास मोदी जी ने किया था, परंतु उसके बाद से केंद्र की सरकार आज तक सोई क्यों है? अब चंद महीनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है परंतु मंडल डैम में अभी तक एक ईंट भी केंद्र की सरकार जोड़ नहीं पाई है। सन्नी ने नसीहत देते हुए बताया कि पेयजल और पटवन दोनों में बहुत अंतर होता है, पेयजल से खेतों को नहीं पटाया जा सकता है। थोड़ी बुनियादी जानकारी रखें मेयर साहिबा, क्योंकि पलामू किसानों की धरती है ।

## शहर >> अपडेट

### गिरफ्तार अभियुक्त को भेजा जेल

**कुडू:** कुडू थाना पुलिस के द्वारा एक प्राथमिकी अभियुक्त को आज गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। कुडू थाना कांड संख्या 131 /23 दिनांक 24/11 /2023 धारा 363, 376, 417, 504, 506 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त आर्यन सिंह उर्फ संतोष सिंह उम्र 21 वर्ष पिता स्वर्गीय चंचल सिंह उर्फ गोविंद सिंह उर्फ कर्मदेव सिंह निवासी डोकी, थाना मनिका ,जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### जयनगर को औद्योगिक नगरी बनाना लक्ष्य: डॉ मेहता

**जयनगर:** प्रखंड में प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ. आरसी प्रसाद मेहता कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जयनगर के समाजसेवी गृह विहिन सुरेंद्र सिंह घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आजादी के 77 साल बाद फटेहाल एक कमरे के मिट्टी के घर में रहने को मजबूर है। झारखंड सरकार संज्ञान में लेकर समाजसेवी को आवास दें। ग्राम तिलोकरी, पिपचो, टुडमी, बेको, महुवागडा इत्यादि पंचायतों एवं गांवो के लोगों संपर्क किया। भ्रमण में डॉ. मेहता ने कहा कि जयनगर को औद्योगिक नगरी के रूप में परिणत कर जयनगर में औद्योगिक कल कारखाने व्यवसायिक संस्थान पारामेडिकल, नर्सिंग कॉलेज इत्यादि व्यवस्थित करने का प्रयास करूंगा। उद्योग के अभाव में बेरोजगार नौजवान अन्य राज्यों में रोजी-रोटी के लिए पलायन कर रहे है। प्रखंड स्तरीय रोजगार देने का प्रयास करूंगा। सरकार आपके द्वारा सराहनीय कार्यक्रम में लोगों को जाने का सलाह दिए। भ्रमण कार्यक्रम में कांग्रेस उपाध्यक्ष फहीम खान, चौधरी पासवान, डॉ. मतीन खान, प्रखंड अध्यक्ष मिसवा उद्दीन, अरविंद राम दुर्गा चंद्रवंशी,शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजित

**कोडरमा :** निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने सीएच हाई स्कूल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगाए गए कैंप में शामिल होकर जरूरतमंद विधवा और वृद्ध लाभुकों के बीच पेंशन का स्वीकृत पत्र उनको दिया। इन सभी लोगों का ?1000 प्रति महीना बैंक में इनके खाते में आने लगा है साथ ही शहर के कई गरीब जरूरतमंद विधवा वृद्ध विकलांग लोगों के द्वारा दिए गए 20 पेंशन का फॉर्म स्वीकृत कराने के लिए वहां पर मौजूद अंचल के राजस्व कर्मचारी अनमोल कुजूर को दिया।

**तलाशी** धनबाद जेल घटना के बाद सभी जिलों के एसपी और डीसी सतर्क

# छापेमारी में महज तंबाकू बरामद: उपायुक्त

▶▶इससे पूर्व भी होती रही है छापेमारी

▶▶जेल में होती रही हैं हत्याएं



राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** धनबाद जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है। जिसके फलस्वरूप राज्य के सभी बंदी सुधार गृह (जेल) के अंदर छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में चतरा डीसी अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में अधिकारियो की टीम ने संयुक्त रूप से चतरा मंडल कारा में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के क्रम में सभी पुरुष व महिला कैदी वार्ड,अस्पताल,भंडार गृह,रसोई घर, सुरक्षा की निगरानी के लिये सीसीटीवी, कैदियों की संख्या, कैदियों को मिलने वाली सुविधाएं समेत पूरे जेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि सूबे के धनबाद जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या कर दी गई थी। जेल में हत्या होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व में भी जेल में हत्या हुई है। जेल में हत्या के बाद आमतौर जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है। सनद रहे की राजधानी के बिरसा मुंडा कारागार में भोमा सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से जेल में छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें कुछ आपत्तीजनक सामान बरामद किया गया था। इसी तरह मुलाकातियों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहने लगी। इसके राज्य के लगभग सभी बंदी गृह में जिला प्रशासन की ओर कार्रवाई की गई। इसके बाद भी इस तरह की घटना चिंता का विषय बना हुआ है। अपराधी को जेल में भेजने का मुख्य वजह उसे किये की सजा देने के अलावा उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिये तथा कानून का भय स्थापित करना होता है। जिला प्रशासन की कार्रवाई से जेल बंद अपराधियों को अपने गिरोह के सदस्यों से अलग रखना भी होता है। छापेमारी के बाद अबु इमरान ने मीडिया को बताया कि छापेमारी के दौरान कैदी वार्ड से खैनी तंबाकू के अलावा कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला है। वही एसपी राकेश रंजन ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर आगे भी लगातार मंडल कारा चतरा में नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाई जाएगी। जेल में छापेमारी के दौरान कुछ आपत्तिजनक सामान नही पर अधिकारियो की टीम ने राहत की सांस ली। बताते चले कि इसके पूर्व भी डीसी के निर्देश पर चतरा एसडीओ के नेतृत्व में मंडल कारा में नियमित रूप से छापेमारी की जाती रही है। छापेमारी के दौरान डीसी और एसपी के आलावे काराधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुरेंद्र उरांव, चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अविनाश कुमार, सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक प्रियदर्शी, साजेंट मेजर विकास कुमार, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, नगर प्रशासक विनीता कुमारी, सदर बीडीओ हरिनाथ कुमार महतो समेत अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

## स्थानीय मजदूरों के नियोजन के बगैर समझौता नहीं: यूनियन

राष्ट्रय खबर

**जयनगर:** ऐक्टू से सम्बद्ध झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन से जुडे मजदूरों की बैठक बुधवार को बांझेडिह पॉवर प्लांट परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित पॉवर प्लांट के कामगारों ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के सर्वोत्तम आधुनिक उपकरण और स्थानीय मजदूरों के नियोजन की गारंटी के बिना पॉवर प्लांट विस्तारीकरण की कोई सहमति ग्रामीण विस्थापित नहीं देगें। डीवीसी प्रबंधन अपने विचोलिये और ठेकेदारों के मध्यम से ग्रामीणों को बरगलाने भर से विद्युत पॉवर प्रोजेक्ट का विस्तारीकरण का लक्ष्य पूरा नहीं होगा।

बैठक की शुरूआत बाबा भीमराव अम्बेडकर की 67वीं पुण्यतिथि पर आज उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजली अर्पित किया गया। मजदूरों की आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश सचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि संविधान और लोकतन्त्र की रक्षा करके ही हम सभी अंबेडकर के सपनो का भारत का निमार्ण कर सकते हैं। देश राजा की हुकूमत से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। संविधान की उपेक्षा और संशोधन की साज़िश बाबा साहब के सपनों पर हमला है।

यूनियन के जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि अम्बेदकर के सपनों का भारत बनाने का संकल्प मजदूरों को पूरा करना होगा। समाज के वंचित और दबे कुचले कमजोर तबकों के हितों के पक्ष में खड़ा होना है।

## हस्तशिल्प को जीवित रखना सबसे बड़ी चुनौती: डाँ वाघमारे



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार और हस्तशिल्प केंद्र रांची झारखण्ड की ओर से केंद्रीय विद्यालय बरही में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन-सह-जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उक्त कार्यक्रम 06 से 08 दिसंबर 2023 तक चलेगा। इधर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग बांस व लाह का उपयोग कर कई प्रकार की शिल्पकारी करते हैं और उत्पाद बनाते हैं। इसके पीछे कई दिनों का प्रशिक्षण और मेहनत होती है। आप सभी को इन शिल्पकारों से सीखना चाहिए। हस्तशिल्प को जिंदा रखना सबसे बड़ी चुनौती है, आज प्लास्टिक से बने उत्पाद सस्ते होते हैं। प्रतियोगिता के इस दौर में हस्तशिल्प के उत्पाद को बचाये रखना बहुत बड़ी चुनौती है। यह विचार करना बहुत जरूरी है कि शिल्पकारी को इस प्रतियोगी दौर में जीवित कैसे रखा जाए। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि शिल्पकार द्वारा बनाये गये उत्पाद को बढ़ावा मिलना चाहिए। आज बाजार में कई तरह के उत्पाद मौजूद हैं लेकिन शिल्पकार की मेहनत और कारीगारी उसके उत्पाद को एक नया आयाम देती है। इसकी सराहना होती चाहिए। इस दौरान उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा शिल्पकारों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसमें बांस से बने उत्पाद, लाह से बनी चूड़ियां, चटाई आदि शामिल थे। कार्यक्रम में वस्त्र मंत्रालय से आये सहायक निदेशक पुष्पराजन, विद्यालय के प्राधानाध्यापक सिलास पुर्ति समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मुखिया व वार्ड सदस्यों ने मंत्री को सौपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया के साथ में कई वार्ड सदस्यों ने लोहरदगा के स्थानीय विधायक सह माननीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के आवास में मिलकर अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई बातें रखी। इस मौके पर उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य बंदुआ गीता भगत, जरियो परमेश्वर उरांव एवं छोटकी चाँपि सुनील मुंडा ने उपस्थित होकर मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव को अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई आवेदन दिए। साथ ही साथ पूरे पंचायत क्षेत्र का विकास हेतु उप मुखिया हेना तिवारी ने कई बातें रखी। इस मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बड़की चापि पंचायत के आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों को बड़की चाँपि पंचायत का समुचित विकास करने का आश्वासन दिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आप लोग जो आवेदन दिए हैं। उस पर बारी-बारी से कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर मंत्री ने आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग इसी तरह बढ़ चढ़कर पंचायत का विकास हेतु कार्य करें, यह मुझे अच्छा लगा। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उराँव,आप्त सचिव संजय कुमार दुबे, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल उपस्थित थे।

## देश की लाइफ लाइन है जीसी खंड

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** धनबाद रेल मंडल के मंडल के वरीय वाणिज्य प्रबंधक एवं वरीय जनसंकर्प पदाधिकारी अमरेश कुमार ने दूरभाष पर बातचीत के क्रम में बताया कि आज पूरे देश के लिए यह सेक्सन लाइफलाइन के रूप में जाना जाता है।

इसे जीसी लाइन आक्सीजन की संज्ञा दी जाती है। धनबाद-गया रेलखंड (ग्रैंड-कार्ड सेक्शन) पर प्रतिदिन अप एवं डाउन लाइन पर लगभग 200 कोयला लोडेड मालगाड़ियों का परिचालन होता है जो देश-विदेश के विभिन्न राज्यों में विद्युत उत्पादन के लिए बीसीसीएल से कोयला पहुंचाने की जरूरत को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश के तीन रेल मंडल प्रतिवर्ष आय को लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहते हैं, इसमें धनबाद, चक्रधरपुर व विलासपुर रेल मंडल शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि ग्रैंड-कॉर्ड सेक्शन पर 1969 में पहली बार हावड़ा से नई दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हुआ। अभी इस खंड पर चार राजधानी एक्सप्रेस चल रही है। इसके अलावा प्रतिदिन सियालदाह से नई दिल्ली तक दूरंतो ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जो 130 घंटा प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है, जबकि अन्य ट्रेनों का परिचालन 100 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही है।

**बैठक** त्रैमासिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

# योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण :उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, अबु इमरान की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 के त्रैमासिक सितंबर तिमाही जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई।वहीं बैठक में उपायुक्त ने कहा की छात्र छात्राओं का खाता नहीं खुलने के कारण जिले के छात्र छात्राएं को छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। जिले में शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग्य छात्र छात्राओं का अकाउंट खोले जिससे शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृति से लाभान्वित किया जा सके।ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 29.77% प्रतिशत है जिसे 40% प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया । साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोला जाय ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके।उन्होंने कहा सभी बैंक जिले में खनन के क्षेत्र में ऋण मुहैया करा कर जिले के ऋण जमा अनुपात में वृद्धि ला सकते है। साथ ही साथ जिले में जितने भी विकास के कार्य हो रहे है उन सभी क्षेत्रों में ऋण देकर ऋण जमा अनुपात बढ़ा सकते है।वहीं बैठक में जिले में शिक्षा ऋण, आवास ऋण में तेजी लाने को कहा। साथ ही उन सभी बैंको को निदेश दिया कि आनेवाले तिमाही में उनके प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता है। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शिविरों में अपने विभाग से संबंधित बैंको का स्टॉल लगाकर आम जनों को लाभान्वित करें।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जेएसएलपीएस से अनिल डुगडुग, अग्रणी जिला प्रबंधक देवब्रत शर्मा, समेत जिले के सभी बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### नेहरू स्टेडियम में आयोजित फुटबाल मैच रद्द



**चतरा:** दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश के वजह से 9 दिसंबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में आयोजित मोहन बागान बनाम कोलकाता 11 फुटबॉल मैच को रद्द कर दिया गया है . इस आशय की जानकारी आयोजक टीम के संयोजक साबिर हुसैन ने बताया कि साइक्लोन के कारण दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण 9 दिसंबर को होने वाले फुटबॉल मैच को रद्द कर दिया गया है क्योंकि फुटबॉल टीम के कोच का मानना है की धीमी गति से हो रही बारिश मे मैदान पूरी तरह से गीला हो जाता है और जगह-जगह पर पानी जमा हो जाने के कारण खेल खेलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है . साबिर हुसैन ने बताया कि बारिश खत्म होने के बाद जल्द ही अगला तिथि निर्धारित किया जाएगा

### अयोध्या तीर्थ से पूजित अक्षत झुमरीतिलैया पहुंचा



**कोडरमा:** अयोध्या तीर्थ से पूजित अक्षत झारखंड प्रांत कार्यालय रांची से कोडरमा जिला विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि मंडल जिला मंत्री पंकज दुबे एवं बजरंग दल जिला संयोजक राजू यादव के द्वारा प्राप्त करने के बाद सड़क मार्ग के रास्ते के झुमरीतिलैया सुभाष चौक पहुंचा।जहां विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू समुदाय द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधि पूर्वक अड्डी बांग्ला अवस्थित सीताराम ठाकुरवादी में पूजा अर्चना के लिए रखा गया। वहां से प्रखंड एवं पंचायत के माध्यम से प्रत्येक हिंदू के घर पीला चावल आमंत्रण हेतु पहुंचने की योजना है। पुनीत कार्य को व्यापक रूप से करने के लिए 9 दिसंबर को समन्वय की बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा कैलाश राय सरस्वती शिशु मंदिर गांधी स्कूल में रखी गई है जिसमें झारखंड प्रांत के विश्व हिंदू परिषद कार्य अध्यक्ष माननीय तिलक राज मंगलम का आगमन होने जा रहा है। पीला चावल के साथ-साथ चित्र और पत्रक वितरण किया जाना है। स्वागत समारोह में प्रांत समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय वर्मा, कार्यअध्यक्ष राजय वर्मा, उपाध्यक्ष कृष्णा मोदी, जिला संरक्षक दीनानाथ पांडे, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सुनील दास, धमार्चार्य प्रमुख भूपेंद्र सिंह, मंदिर व्यवस्था प्रमुख मधुसूदन दारूका, नगर उपाध्यक्ष रामजी वर्मा, अनिल कुमार, राजेश सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सफाई मित्रों को मिला बरसाती



**कोडरमा:** बुधवार को नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शशि शेखर सुमन के द्वारा नगर पंचायत कोडरमा में कार्यरत सफाई मित्रों के बीच रेनकोट (बरसाती) का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में हुआ। प्रशासक ने सफाई मित्रों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और भविष्य में भी इसी लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने का सुझाव दिया ताकि नगर पंचायत कोडरमा को स्वच्छ रखा जाए। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक अभिषेक प्रकाश, पर्यवेक्षक सौरभ दास, सुरेश राम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### दादी जी का जन्मोत्सव पर किया भव्य आरती का आयोजन



**कोडरमा :** श्री राणी सती भक्त समिति के तत्वावधान में बुधवार को श्री राणी सती दादी जी का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ पाटा पूजा, धोक पूजा का आयोजन किया गया। दादी भक्तों ने स्वास्तिक बनाकर सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान खीर पूड़ा का प्रसाद वितरण किया गया। संध्या 4 बजे से मंदिर परिसर में मंगल पाठ का आयोजन अखंड ज्योत के साथ शुरू हुआ। इस दौरान श्री राणी सती दादी जी का अलौकि श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर को फूलों और बैलून से सजाया गया था। दादी जी के विग्रह की पूजा-अर्चना भी की गई। पूजा-अर्चना में यजमान के रूप में संदीप हिसारिया मिनी हिसारिया शामिल हुए। वहीं कोलकाता से आई नेहा गर्ग और धनबाद के नीरज गुप्ता ने सस्वर मंगल पाठ कराया। इस दौरान 5 घंटे तक चले मंगल पाठ में दादी जी के जन्म से लेकर शिक्षा, दीक्षा और वीर गाथा का वर्णन किया गया। मंगल पाठ में मंगल भवन अमंगल हारी नारायण तेरे नाम सुहानो--, करलो मंगल पाठ यही जीने का सहारा है-- तथा जय दादी के श्लोक से गूंजता रहा। वहीं जन्मोत्सव को लेकर बाटो-बोटो आज बधाई नारायणी दादी आज घर आई--, मेंहदी ओ मेहंदी इतना बता दे कौन सा काम किया है दादी जी ने तुमको हाथ में थाम लिया है जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। मंगल पाठ में पिंकी खेतान, सुमन सर्राफ, कुसुम चौधरी, मधु अग्रवाल, श्रेया केड़िया, अनिता चौधरी, कविता चौधरी, ममता नरेड़ी, खुशबू केड़िया, मीना हिसारिया, प्रगति चौधरी, शालू चौधरी, सुमन कंदोई, रेखा कंदोई, ऋचा भोजनवाला, प्रीति चौधरी, आकृति चौधरी, रश्मि लड्ढा, सारिका लड्ढा, उमा बजाज, नेहा हिसारिया, बबीता केड़िया, पूनम टिबड़ेवाल, आशा बजाज, ज्योति अग्रवाल, अनु संघई, आशा दारुका, नीतु अग्रवाल, सरस्वती फतेसरिया, दीपा गुप्ता, पिंकी बजाज सहित 108 महिलाएं मंगल पाठ में शामिल हुई। वहीं श्री राणी सती भक्त समिति के गोपी अग्रवाल, हिमांशु केडिया, अनुप खाटूवाला, संयोजक विपुल चौधरी,यश बंसल, अनुराग हिसारिया, वत्सल कंदोई, संजय नरेडी, संजय खेमानी, उमंग कंदोई सहित समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूज फटाफट

### बिशप स्कूल का वार्षिक खेलकूद संपन्न कैनेडी हाउस ओवरऑल चैंपियन

**रांची:** बिशप स्कूल बहु बाजार में वार्षिक खेलखुद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कैनेडी हाउस ओवरऑल चैंपियन रही दूसरे स्थान पर वुड हाउस एवं तीसरे स्थान पर व्हिटली हाउस रहे । वुड हाउस के अर्पित कच्छप ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब अपने नाम किया वहीं लड़कियों के ग्रुप में कुमारी अदिति कैनेडी हाउस से इस किताब को जीती खेलकूद के साथ स्कूल के बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये साथ ही योग एवं कराटे का प्रदर्शन भी किया कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया खिलाड़ियों ने टाइल्स को तिनके की तरह तोड़कर लोगों को ताली बजाने पर मजबूर किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छोटानागपुर डाइओसीस के बिशप और बिशप वेस्टकॉट स्कूल समूह रांची के अध्यक्ष बी बी बासके एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जॉइजस कुजुर सचिव बिशप स्कूल रांची एवं एस डेविड आदि उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का होना बच्चों के लिए जरूरी है इससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । इस अवसर पर बिशप स्कूल बहु बाजार के प्राचार्य इरविन अल्फ्रेड जैकब एवं बिशप वेस्टकॉट ग्रुप के सभी स्कूलों के प्राचार्य अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### मलखंभ प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन



**रांची :** मंगलवार को वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एव रांची जिला मलखंभ संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंभ प्रतियोगिता का समापन आज झारखंड मलखंभ एकेडमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर 02 धुर्वा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिता का समापन मुख्य अथिति वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री कौशल कुमार पांडेय , समाजसेवी मुकेश सिंह, झारखंड राज्य मलखंभ संघ के सचिव अजय झा, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, रांची विश्विद्यालय एन एस एस के स्वंसेवक शुभम चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचने पर आउट होने वाले पहले मुशिफकुर बंगलादेशी बल्लेबाज




**मीरपुर :** विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट होने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में आज बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के 41वें ओवर के दौरान काइल जेमीसन की गेंद को बल्ले से खेलने के बाद मुशिफकुर ने अपने दाहिने हाथ से रोका। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और टीवी अंपायर अहसान रजा ने मुशिफकुर को आउट करार दिया। पहले ऐसे आउट होने को हैंडल्ड द बॉल की श्रेणी में रखा जाता था। लेकिन 2017 में आईसीसी के नियमों में हुए परिवर्तन के बाद इसे ऑब्स्ट्रक्ट द फ़ील्ड या फ़ील्डिंग में बाधा की श्रेणी में ही रखा जाने लगा। इससे पहले 29वें ओवर के दौरान भी मुशिफकुर ने गेंद को हाथ से मारने का प्रयास किया था, लेकिन तब वह बीट हो गए थे। मुशिफकुर 35 रन बनाकर हुये उन्होंने शहादत हुसैन के साथ 57 रनों की साझेदारी की थी।

क्रिकेट

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा

# मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं: डुप्लेसी

▶▶ आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे



एजेंसियां

**अबु धाबी :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं। डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा,मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं। हमने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टीम संतुलन के बारे में बात की है। इसके अलावा नए कोच के साथ और कई चीज़ों के बारे में बात हुई है। उल्लेखनीय है कि डुप्लेसी ने आखिरी बार टी-20 में तीन साल पहले 2020 में और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच फरवरी 2021 में खेला था। डुप्लेसी घरेलू स्तर के साथ-साथ दुनिया भर की टी-20 लीगों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी वर्ष आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे।

वह इस साल आईपीएल में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। हालांकि सफेद गेंद के क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर कभी संन्यास नहीं लेने के बावजूद टूनार्मेंट के पिछले दो संस्करणों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच वाल्टर ने कहा था कि डुप्लेसी, क्विटंन डिकॉक और राइली रूसो जैसे खिलाड़ियों के नाम पर अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के लिए विचार किया जाएगा।

## खेल जगत अपडेट्स »

### आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए:मैक्सवेल



**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए ताकि वे टी-20 विश्वकप की तैयारी कर सकें। मक्सवेल ने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की नजर अब अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके पैर चलेंगे वह आईपीएल खेलते रहेंगे। भारत से लौटकर एक सप्ताह आराम करने के बाद मैक्सवेल अब बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आईपीएल में मैं अपने करियर के आखिर तक खेलता रहूंगा।

# हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया



एजेंसियां

**सैंटियागो :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद हुए पेनल्टी शूट आउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में, ज्योति छत्री ने 17वें मिनट, और सुनेलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में एक-एक गोल किया। जबकि न्यूजीलैंड की ओर से इसाबेला स्टोरी ने 11वें, मेडलिन हैरिस ने 14वें और रियाना फो ने 49 वे मिनट में गोल किए। निर्धारित समय पर मुकाबला 3-3 की बराबरी से छूटने पर पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा और प्रीति भारत के लिए मौके भुनाने में सफल रहीं, जबकि मुमताज खान ने सडन डेथ में गोल किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की हन्ना कॉटर और रियाना फो ही गोल कर सकी।

मुकाबले के पहले क्वार्टर में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। हालाँकि उसके बाद न्यूजीलैंड की इसाबेला स्टोरी ने 11 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैडलिन हैरिस ने 14 मिनट में मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को आगे कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख अपनाया और ज्योति छत्री ने 17 वें मिनट में गोल कर मुकाबले को फिर से बराबरी पर ला दिया। न्यूजीलैंड चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए रिआना फो ने 49वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने लगातार हमले जारी रखे और अंततः इंजेक्टर सुनलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में किए गये गोल से मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में भारत अपने शुरुआती दो शॉट्स को गोल में बदलने में विफल रहा लेकिन टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो ने लगातार चार शानदार बचाव किए जिससे उनकी टीम को वापसी करने और पेनल्टी शूट आउट में सडन डेथ में 3-2 से जीत दर्ज करने में मदद मिली।

क्रिकेट बंगलादेश न्यूजीलैंड टेस्ट दूसरे टेस्ट की पहली पारी में

# न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को 172 रन पर समेटा




एजेंसियां

**मीरपुर :** न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बंगलादेश को आज यहां दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था। मुशफिकुर रहीम 35 रन पर गेंद को हाथ से रोकने के प्रयास में आउट हुए। इसे क्रिकेट की भाषा में 'हैंडलिंग द बॉल' कहा जाता हैं। इसके साथ ही वह इस तरह आउट होने वाले पहले बंगलादेशी क्रिकेटर हैं। वह जब 41ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुये उस समय टीम का स्कोर 104 रन था। इसके बाद शहादत हुसैन 31 रन फिलिप्स के हाथों कैच आउट करा दिया। नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे। और बंगलादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।

# फिल्म जिगरा में जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी आलिया भट्ट



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा में जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी। करण जौहर के प्रोडक्शल हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के तले फिल्म जिगरा बनायी जा रही है।फिल्म जिगरा का निर्देशन वासन बाला कर रहे हैं।आलिया इस फिल्म से बतौर सह-निर्माता भी जुड़ी हैं। फिल्म जिगरा की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हुई थी जो इन दिनों मुंबई में जारी है। आलिया इस फिल्म के लिए एक्शन ट्रेनिंग लेती हैं। इस फिल्म में आलिया अपने भाई की रक्षा करती नजर आएंगी। जिगरा में आलिया के भाई के रोल में वेदांग रैना हैं। बताया जा रहा कि फिल्म जिगरा में आलिया का एक्शन रियलिस्टिक लगे इसके उन्होंने शूटिंग से पहले काफी बास्केटबॉल खेला है।इस फिल्म को वासन बाला बना रहें हैं। जिगरा 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अमिताभ बच्चन ने अरिजीत सिंह की तारीफ की

एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने पार्श्वगायक अरिजीत सिंह की तारीफ की और कहा कि उनकी आवाज मनमोहक है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी टीवी पर रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 15 को होस्ट कर रहे हैं। शो के दौरान एक प्रतिभागी से एक गाना सांवरे की पहचान करने से जुड़ा सवाल पूछा गया। दिए गए विकल्प में सोनू निगम, उदित नारायण, अरिजीत सिंह और जावेद अली का नाम शामिल था। सही उत्तर अरिजीत सिंह है।



अमिताभ बच्चन ने कहा, सांवरे गाना फिल्म फैंटम से लिया गया था।अरिजीत सिंह एक अद्भुत सिंगर हैं। उनकी आवाज मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। उन्होंने कई हिट गाने गाए हैं।

## फिल्म 'फाइटर' से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की आने वाली फिल्म 'फाइटर' से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की अहम भूमिका है। फिल्म फाइटर से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है।इस फिल्म में अनिल कपूर, ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के रोल में होंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वॉडरन पायलट 'शमशेर पठानिया' उर्फ 'पैटी' के रूप में नजर आयेंगे।फिल्म 'फाइटर' गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी।

# जाह्नवी कपूर ने 'द आर्चीज' के लिये खुशी कपूर को शुभकामना दी



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने फिल्म 'द आर्चीज' के लिये अपनी बहन खुशी कपूर को शुभकामना दी है। फिल्म 'द आर्चीज' के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा डेब्यू करेंगे।जान्हवी कपूर ने द आर्चीज के लिए अपनी बहन खुशी कपूर को बधाई एवं शुभकामना दी है।जान्हवी कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी बहन खुशी के साथ एक तस्वीर साझा की।

तस्वीर में जान्हवी अपनी बहन खुशी को गले लगाती हुई दिखाई दे रही है।जान्हवी ने तस्वीर को कैप्शन दिया,मेरे जीवन की सनशाइन और अब सिनेमा की सनशाइन। आप जादुई हैं। 'द आर्चीज' फिल्म की कहानी कॉमिक बुक कैरेक्टर आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है। जोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म 'द आर्चीज' 07 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'द आर्चीज' शरद देवराजन और रीमा कागती द्वारा टाइगर बेबी और ग्राफिक इंडिया के बैनर तले बनाई गयी है।

## प्रदेश >> अपडेट

### लश्कर के आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि कुर्क

**श्रीनगर** : केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा के एक कथित आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि को कुर्क कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी सहयोगी इरफान अहमद भट के परिवार की 14 मरला आवासीय भूमि को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अष्टेंगू बांदीपोरा में कुर्क किया गया था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जगराओं ब्रिज के पास पूर्व सैनिकों की रैली आयोजित

**जालंधर** : अपने दिग्गजों तक पहुंचने के प्रयास में, वज्र कोर एयर डिफेंस ब्रिगेड द्वारा लुधियाना में जगराओं ब्रिज के पास कैंपेन ग्राउंड कॉम्प्लेक्स में एक वेटरन्स रैली आयोजित की गई। वज्र वायु रक्षा ब्रिगेड ने इस तथ्य से अवगत रहते हुए दिग्गजों की देखभाल करने के अपने संकल्प की पुष्टि की कि राष्ट्र निर्माण और भावी पीढ़ी के पोषण में दिग्गजों की महत्वपूर्ण भूमिका है। रैली का फोकस पेंशन विसंगतियों और बैंक से संबंधित मुद्दों को पूर्व सैनिकों द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों को हल करना और कम करना था। रक्षा बलों के दिग्गजों के लिए एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया, दिग्गजों को चिकित्सा सहायता दी गई, रैफ़ल टिकट पुरस्कार वितरित किए गए और 500 दिग्गजों को राष्ट्र में उनकी सेवा के लिए सम्मानित करने के लिए स्मृति चिह्न भेंट किए गए। वज्र कोर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ सेवा अधिकारियों, दिग्गजों और नागरिक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बोरवेल में गिरी बालिका को निकाला गया, इलाज के दौरान भोपाल में मौत

**राजगढ़** ; मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पीपल्यारसोड़ा में चार वर्षीय एक बालिका खुले बोरवेल में गिर गयी, जिसे सुरक्षित निकाला गया और इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया, वहां आज तड़के बालिका ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार माही नाम की बालिका अपनी मां और मामी के साथ कल शाम खेत से घर लौट रही थी। इसी बीच अचानक बालिका खेत में आठ दिन पूर्व हुए बोरवेल में गिर गयी। बोरवेल सूखा निकलने के कारण उसे खुला छोड़ दिया गया था। दुर्भाग्य से बालिका उसमें करीब 30 फिट गहरायी में चली गयी। घटना के बाद प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और देर रात्रि बालिका को बोरवेल से निकाल लिया गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां से भोपाल रैफर कर दिया गया। बालिका को भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया।

### अलवर में खुली जेल से बंदी फरार

**अलवर** : राजस्थान में अलवर केंद्रीय कारागृह की खुली जेल से हत्या के आरोप में एक बंदी जेल से फरार होने का मामला सामने आया है। केंद्रीय कारागृह अधीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ का रहने वाला यह आरोपी दीपक 6 जून 2017 को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया था। सवाई माधोपुर न्यायालय ने 2015 के हत्या के एक मामले में दीपक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसे सजा के बाद अलवर शिफ्ट किया गया था। तभी से अलवर जेल में था। यहां 11 अप्रैल 2022 को उसे खुली जेल में शिफ्ट किया गया था। यह बंदी चार दिसंबर को फरार हो गया जिसका मुकदमा आज यहां कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

---

**हमास हमला**

### इजरायली की अत्यधिक नाराजगी की वजह जायज है

# हमास के हमले में यौन हिंसा भी शामिल

▶▶ न्याय मंत्रालय ने कहा है कि पीड़ितों को यातना दी गई

▶▶ इजरायली आपराधिक कानून में, यौन हिंसा में बलात्कार शामिल है

**एजेंसियां**



**यरूशलेम**: 7 अक्टूबर को, जिस दिन हमास ने हमला किया, इजरायली सेना ने मध्य इजराइल में शूरा रक्षा आधार पर रेफ्रिजरेटेड शिपिंग कंटेनरों का एक इम्प्रोमप्टु मुर्दाघर स्थापित किया और दफनाने के लिए मृतकों को तैयार किया। उस दिन मारे गए 1,200 लोगों में से, अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 300 महिलाएं थीं। अब इस बारे में कहा गया है कि यहां जो शव लाये गये थे, उनमें से अधिकांश महिलाएं नीचे के कपड़ों के बिना पायी गयी थी। वहां की जांच करने वाले शैरी मेंडेस ने कहा उन्होंने महिला सैनिकों के साथ मिलकर इन शवों की सफाई की। उनके मुताबिक इन शवों को देखने से ही साफ होता था कि वे यौन हिंसा के शिकार हुए थे।

इजरायल पुलिस कुछ सौ लोगों में से कुछ द्वारा संभावित यौन अपराधों की जांच कर रही है जो उन्होंने 7 अक्टूबर के हमले के बाद गिरफ्तार किए थे। उनका लक्ष्य हर संदिग्ध को हिरासत में रखने की कोशिश करना है। लेकिन मुर्दाघर में जहां मेंडेस ने काम किया, पुलिस जांचकताओं की जांच करने से पहले महिलाओं के कपड़े उनके साथ दफन कर दिए गए थे। यहूदी दफन कानून में, मृतकों को गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए और जल्द से जल्द आराम करने के लिए रखा जाना चाहिए। वह सब कुछ जो शरीर का एक हिस्सा है, को एक साथ दफनाया जाता है, इसलिए कुछ महिलाओं को उनके खून से लथपथ कपड़ों से दफनाया गया था। यह हमले के दौरान किए गए कथित यौन अपराधों की जांच का सामना करने वाली चुनौतियों में से एक है, जो इजरायल के 75 साल के इतिहास में सबसे खून का है। कुछ स्थानों पर कुछ दिनों के लिए लड़ाई हुई, जिससे प्रवेश करना असंभव हो गया। कुछ सबूत इकट्ठा किए गए थे, लेकिन पुलिस का कहना है कि उन्हें विशिष्ट संदिग्धों से अत्याचारों को जोड़ने के लिए खराब होने वाले सबूतों को इकट्ठा करने के लिए अवसरों के खो जाने के बाद एक चुनौती का सामना करना पड़ता है।

एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि रॉयटर्स ने सामूहिक हताहत घटना में पहली प्राथमिकता को लाशों की पहचान करना था ताकि परिवारों को जल्द से जल्द सूचित किया जा सके। पहले दिनों में, कई लोगों को नहीं पता था कि उनके रिश्तेदार मर चुके थे, घायल थे या गाजा ले गए थे। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि पीड़ितों को यातना दी गई, शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार किया गया, बलात्कार किया गया, जिंदा जला दिया गया और विघटित हो गया। हमास ने 7 अक्टूबर को या उसके बाद, इजे एल-दीन अल-कसम ब्रिगेड्स के सदस्यों द्वारा या उसके बाद या उसके सशस्त्र विंग के सदस्यों द्वारा यौन उत्पीड़न या उत्परिवर्तन के आरोपों को सख्ती से अस्वीकार कर दिया।

हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख के मीडिया सलाहकार ताहेर अल-नॉनो ने हमास के सेनानियों को हमले में किसी भी यौन हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया और इस मामले में एक गंभीर और निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच का आह्वान किया। इजरायली आपराधिक कानून में, यौन हिंसा में बलात्कार शामिल है, लेकिन अभद्र कार्य, उत्पीड़न और यौन रूप से एक व्यक्ति को निंदा करना - जबरन नग्नता सहित - अन्य अपराधों के बीच। एक सजा गवाही और परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित हो सकती है, यहां तक कि फोरेंसिक साक्ष्य के बिना भी, तीन कानूनी विशेषज्ञों ने रायटर को बताया। पुलिस का कहना है कि उनके पास 60,000 से अधिक दृश्य दस्तावेज हैं, जिनमें हमलावरों द्वारा पहने जाने वाले गो-प्रो कैमरों के वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन से छवियां शामिल हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### नाइजीरिया:सेना के ड्रोन हमले में मारे गये 85 नागरिक

**लागोस** : नाइजीरियाई सेना के ड्रोन से उत्तर पश्चिमी कडूना राज्य में सशस्त्र समूहों को निशाना बनाकर किये गये हमले में गलती से कम से कम 85 नागरिकों की मौत हो गयी है। देश की सबसे घातक सैन्य बमबारी दुर्घटनाओं में से एक पर जबरदस्त आक्रोश फैल गया। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने मंगलवार को इस मामले की जांच के आदेश दिए। सेना ने स्वीकार किया कि उसके एक ड्रोन से रविवार को तुदुन बीरी गांव पर गलती से हमला हो गया। उस दौरान निवासी एक त्योहार मना रहे थे। सेना ने हताहतों का कोई आंकड़ा नहीं दिया, लेकिन आपातकालीन अधिकारियों और निवासियों ने कहा था कि कम से कम 85 लोग मारे गए, जिनमें से कई महिलाएं और बच्चे थे। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा, '' नॉर्थवेस्ट जोनल कार्यालय को स्थानीय अधिकारियों से विवरण मिला है कि अब तक 85 शवों को दफनाया जा चुका है।'' बयान में बताया गया कि अन्य 66 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### वांग ने ताइवान के सवाल पर चीन की स्थिति पर दिया जोर

**बीजिंग** : चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को ताइवान मुद्दे पर चीन की गंभीर स्थिति पर जोर दिया। वांग ने अमेरिका से चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की किसी भी ताकत का समर्थन और मिलीभगत नहीं करने का आग्रह किया।वांग, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के भी सदस्य हैं, ने अमेरिका के साथ एक फोन कॉल पर यह टिप्पणी की। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन से बुधवार को इस संबंध में टेलीफोन पर बातचीत की। गौरतलब है कि चीन ताइवान को अपने अधिकार क्षेत्र में होने का दावा करता है जबकि ताइवान खुद को 'आजाद देश' मानता है। अमेरिका समेत कुछ अन्य देश ताइवान को किसी का अधीन नहीं मानते जिसके कारण पूरा मामला पेचिदा हो चुका है।

### दक्षिण मिस्र में सड़क दुर्घटना में 7 की मौत, 25 घायल

**काहिरा** : दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में पूर्वी रेगिस्तानी सड़क पर मंगलवार को एक बस के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। सरकारी अहराम ऑनलाइन समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सुबह के घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के कारण बस फुटपाथ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद एम्बुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। अभियोजन पक्ष ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिस्र में तेज गति, सड़कों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के ढीले कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाएं हर साल हजारों लोगों की जान ले लेती हैं।

---

# मिश्र ने राजस्थान की कानून और शांति व्यवस्था की समीक्षा की



**एजेंसियां**

**जयपुर** : राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने श्री राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद उत्पन्न स्थिति के चलते बुधवार को प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की। मिश्र ने मुख्य सचिव उषा शर्मा, गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा और पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जार्ज जोसफ को राजभवन बुलाकर प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की विशेष समीक्षा की। इस अवसर पर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में शूटरों द्वारा दिन दहाड़े हत्या गंभीर मामला है। उन्होंने इस संगठित अपराध से उपजे हालात पर निरंतर निगरानी रखे जाने की हिदायत दी। विशेष रूप से उन्होंने अपराधियों को पकड़े जाने के लिए पुख्ता कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था किसी भी स्तर पर नहीं बिगड़े, इसके लिए पुलिस और प्रशासन सभी स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के स्तर पर निरंतर सभी स्थानों पर अलर्ट रहते हुए कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी स्तर पर कोताही और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है।

# सीपीआर के प्रति जागरुकता आवशयक: डॉ. मांडविया

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि हृदयाघात की स्थिति में मरीज को तुरंत इलाज मिलना चाहिए, इसलिए कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन (सीपीआर) के लिए जागरूकता और आवशयक प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। डॉ. मांडविया ने यहां सीपीआर प्रशिक्षण पर नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हृदयाघात के संबंध में आम लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने की पहल की सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हृदय के बेहतरीन स्वास्थ्य को बनाए रखें और संतुलित आहार और व्यायाम को शामिल करते हुए स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाना महत्वपूर्ण है। हृदयाघात से पीड़ति मरीज के आसपास यदि कोई सीपीआर तकनीक में प्रशिक्षित व्यक्ति है, तो वह उसके जीवन को बचाने में सक्षम होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और डॉ. भारती प्रवीण पवार भी मौजूद थी। डॉ. मांडविया ने कहा,'' हृदयाघात के पीड़ति को तत्काल मदद की जरूरत होती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि पर्याप्त ज्ञान और प्रशिक्षण के साथ जनता के बीच जागरूकता बढ़े, ताकि हम किसी की जान बचाने में सक्षम हो सकें। इस देशव्यापी अभियान में 20 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए।'' उन्होंने निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आसानी से होने वाले सीपीआर का प्रदर्शन किया और इसके प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। यह देश का पहला सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम है, जो राष्ट्रीय स्तर पर संचालित किया गया है। इस अभियान के दौरान छात्रों, पेशेवरों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित प्रतिभागियों को ऑनलाइन माध्यम से एक ही बैठक में प्रशिक्षण दिया गया।

# नई सुविधा : अब आईएएस अधिकारी तबादले के बाद अपने पूर्व के कार्यालय से ही यात्रा व्यय का भुगतान ले सकेंगे




**डॉ. नवीन जोशी**

**भोपाल:** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा यानि आईएएस अधिकारियों को नवीन सुविधा प्रदान की है। अब ये आईएएस अधिकारी अपने तबादले के बाद अपनी पदस्थी वाले कार्यालय से अपने स्थानांतरण यात्रा देयक का भुगतान ले सकेंगे। यह नई सुविधा इसलिये दी गई है कि अब विधानसभा आम चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सरकार द्वारा अनेक आईएएस अधिकारियों के तबादले किये जायेंगे तथा इसमें उन्हें स्थानांतरण यात्रा देयक के भुगतान में दिक्कत नहीं हो। इस संबंध में राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी आईएएस अफसरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि स्थानांतरण होने के उपरांत कतिपय भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके स्थानांतरण देयक स्वीकृति हेतु सीधे सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक शाखा की ओर भेजे जा रहे हैं, जिससे उनके देयकों के भुगतान में अनावश्यक विलंब होता है। इसलिये अब स्थानांतरण के उपरांत नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नियत समयावधि के अंदर स्थानांतरित आईएएस अधिकारी अपनी पदस्थी वाले विभाग / कार्यालय के लेखाधिकारी को स्थानांतरण यात्रा देयक प्रस्तुत करें। यदि किसी कारणवश देयक प्रस्तुत करने में विलंब हो गया हो तो ऐसी स्थिति में ही विलंब के कारण को स्पष्ट करते हुए देयक सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक शाखा को विलंब से छूट की अनुमति के साथ स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु भेजा जाये। सामान्य अवधि के यात्रा देयक सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) को भेजने की आवश्यकता नहीं है।

# कश्मीर के तापमान में गिरावट होने से बढ़ी सर्दी

**एजेंसियां**

**श्रीनगर** : केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का तापमान बुधवार को शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी में सर्दी और अधिक बढ़ गयी। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में पिछली रात तापमान शून्य से कम 1.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर का पहलगाम कश्मीर घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां पिछली रात दर्ज किए गए शून्य से कम 4.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री का सुधार हुआ, जो पिछली रात के शून्य से कम 2.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया,जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और कोकरनाग में पिछली रात के 0.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम तापमान दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में पिछली रात के शून्य से कम 1.7 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य 2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में 10 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने और 11 दिसंबर को आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने यहां रात के तापमान में और अधिक कमी की चेतावनी दी है।

---

### 5 दिसंबर को शुरूआती घंटों में छह एस -300 मिसाइलों के साथ पूर्वी यूक्रेन पर हमला किया गया

# कामिकेज ड्रोन के सहारे रूस का हमला अन्य इलाकों पर

▶▶ जैसे जैसे ठंढ बढ़ेगी, रूसी हमला और तेज होता जाएगा

▶▶ एक 41 वर्षीय नागरिक ने विस्फोट की चोट का सामना किया

**एजेंसियां**



**कियेब:** रूस ने रात भर हमले में कामिकेज ड्रोन के साथ पश्चिमी और मध्य यूक्रेन पर हमला किया है। यूक्रेन की तरफ से दी गयी जानकारी के मुताबिक रूस ने 17 शाहेद कामिकेज ड्रोन के साथ सेंट्रल और वेस्टर्नुक्रेन पर हमला किया, जिनमें से 10 को यूक्रेनी एयर डिफेंस द्वारा सफलतापूर्वक गिरा दिया गया था और 5 दिसंबर के शुरूआती घंटों में छह एस -300 मिसाइलों के साथ पूर्वी यूक्रेन पर हमला किया गया। मिसाइलों को डोनेट्स्क और खेर्सन क्षेत्रों में नागरिक बुनियादी ढांचे में लक्षित किया गया था। 4 दिसंबर की शाम को और 5 दिसंबर की रात में यूक्रेन के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में एयर अलार्म जारी किए गए थे। लविवि के क्षेत्रीय गर्वनर माकसिम कोजत्स्की ने कहा, दुश्मन ने तीन ड्रोनों का उपयोग करके लविवि क्षेत्र में एक बुनियादी ढांचा वस्तु पर हमला शुरू किया।

इस घटना के कारण आग लग गई, जिसे आपातकालीन कर्मियों द्वारा तेजी से नियंत्रण में लाया गया। रिपोर्ट में मामूली नुकसान का संकेत मिलता है। शुक्र है, कोई सूचना या चोटें नहीं थीं।इस इलाके में अब भी कुछ बुनियादी ढांचे बचे हुए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक रूस ने 4 दिसंबर को रात 9:17 बजे के आसपास खार्किव ओब्लास्ट के इज़ियम जिले के बोरोवा शहर में शाहेद ड्रोन स्ट्राइक लॉन्च किया। हमले के दौरान एक सामुदायिक केंद्र, दुकान और निजी निवास मारे गए। कोई हताहत नहीं किया गया। खार्किव ओब्लास्ट के चुहुव जिले में दो ड्रोनों द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। एक 41 वर्षीय नागरिक ने विस्फोट की चोट का सामना किया, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं थी। इसके अलावा विन्नीत्सिया में भी विस्फोट किए गए। इन हमलों की वजह से यह आशंका मजबूत हो रही है कि जैसे जैसे ठंढ बढ़ेगी, रूसी हमला और तेज होता जाएगा। रूस ने पिछली सर्दी में भी यही तरीका आजमाया था। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यूक्रेन के दूसरे इलाकों में भी रूसी हमला बढ़ता ही जा रहा है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1660 : एक महिला पहली बार इंग्लैंड में एक पेशेवर अभिनेत्री के रूप में मंच पर दिखाई दी।
- ▶▶ 1662 : ब्लेज़ पास्कल नामक फ़्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ।
- ▶▶ 1724 : रॉयल प्रूसिया के टोरून में, पोलिश अधिकारियों ने टेंशनबेटिन प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक के बाद एस्किटी के मेयर और नौ अन्य लूथरन अधिकारियों को मार डाला।
- ▶▶ 1732 : थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज़ रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया।
- ▶▶ 1787 : डेलावेयर यूनाइटेडस्टेट्स संविधान की पुष्टि करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया।
- ▶▶ 1815 : मिशेल ने, फ्रांस के मार्शल, नेपोलियन का समर्थन करने के लिए एक फायरिंग स्क्वाडर्न पेरिस जार्डिन डू लक्जमबर्ग द्वारा किया गया था।
- ▶▶ 1835 : भविष्य के यू.एस. अध्यक्ष जेम्स के. पोलक सदन के अध्यक्ष बने।
- ▶▶ 1869 : अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने अपनी पहली पुष्टि बैंकटोरी में गैलाटीन, मिसौरी में की।
- ▶▶ 1869 : अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने गल्लतिण मिसौरी में अपनी पहली बैंक डकैती की पुष्टि की।
- ▶▶ 1877 : आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने ग्रामोफोन का प्रदर्शन किया।
- ▶▶ 1888 : जॉन बॉयड डनलप ने हवा वाली साइकिल टायर का अविष्कार किया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
7.12.2023

## दो विमानों ने विलंब से उड़ान भरी

रांचीः चक्रवातीय तूफान मिचौंग का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। आज बुधवार को सुबह से ही आसमान में बदल छाये हैं और रूक-रूक कर बारिश भी हो रही है। खराब मौसम के कारण रांची से उड़ान भरने वाली विमान सेवाएं विलंब है। इनमें 6ए2219 दिल्ली जाने वाली विमान अपने निर्धारित समय 11:50 की बजाये 1:20 (डेढ़ घंटे देर से) में रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरी।

**अधिसूचना** कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी

# बदले गए झारखंड के मुख्य सचिव, एल खियांग्ते को मिली जिम्मेवारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** हेमंत सोरेन सरकार ने वर्तमान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को उनके पद से हटा दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एल खियांग्ते को नया मुख्य सचिव बनाया गया है।झारखंड सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक मुख्य सचिव सुखदेव सिंह का तबादला महानिदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची के पद पर कर दिया गया है। वहीं महानिदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची के पद पर पदस्थापित एल खियांग्ते को झारखंड के मुख्य सचिव के पद पर भेजा गया है।झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। झारखंड में इन्होंने लंबी सेवा दी है। मार्च 2020 से उन्होंने डीके तिवारी के रिटायर होने के बाद राज्य के 23वें मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली थी। राज्य की सेवा करते हुए सुखदेव सिंह को कई मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य करने का अनुभव रहा है। सुखदेव सिंह पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा के प्रधान सचिव रह चुके हैं।झामूमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके प्रधान सचिव के तैर पर सुखदेव सिंह ने कार्य किया है। वहीं, हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव भी रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य का 23वां मुख्य सचिव बनाया। सुखदेव सिंह 2024 में सेवानिवृत्ति होंगे।झारखंड के 24वें मुख्य सचिव बने एल खियांग्ते 1988 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस ऑफिसर हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर 1964 को हुआ था। वह 31 अक्टूबर 2024 को रिटायर होंगे। उनके बैच के दो आईएएस ऑफिसर है जिनमें अरुण कुमार सिंह इसी साल 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं जबकि अलका तिवारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।





# झारखंड में मिचौंग का असर जमकर हुई बारिश, बढ़ी ठिठुरन

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** मिचौंग तूफान का असर झारखंड के दक्षिणी हिस्सों में दिख रहा है। मंगलवार की सुबह से ही रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। जिससे तापमान में कमी आई है, इस कारण ठंड में बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को झारखंड के सभी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मिचोंग के असर से बारिश हो रही है। इससे दिन के तापमान 5 से 6 डिग्री तक की कमी आयी है। बुधवार व गुरुवार को राज्यभर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। जिन जिलों में बारिश के आसार है उसमें रांची, सिमडेगा, गुमला, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, खूंटी और रामगढ़ जिला शामिल है। : 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं-कहीं हल्की वर्षा रिकार्ड की गई। सबसे अधिक 14.2 मिमी वर्षा सिमडेगा के कोलेबिरा में रिकार्ड की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री गोड्डा का, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रांची का रिकार्ड किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में 6 व 7 दिसंबर को हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है, जबकि 8 दिसंबर को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं गर्जन व वज्रपात की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया। 9 दिसंबर को सुबह कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यत साफ रहेगा। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में उठे चक्रवाती तूफान के असर के कारण ही राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है।

## गवाहों को प्रभावित करने का मामला: ईडी दफ्तर नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, पत्र भेज मांगी मोहलत

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** साहिबगंज जिले के पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ईडी के समन पर बुधवार को एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे। नौशाद आलम ने ईडी को पत्र भेज कर अपनी नहीं आने की वजह बताते हुए अगली तारीख की मांग की है। गौरतलब है कि दूसरी बार पूछताछ करने के लिए ईडी ने नौशाद आलम को समन जारी किया था।मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह नौशाद आलम के द्वारा ईडी के अधिकारियो को पत्र के जरिये सूचना दी गई कि वे बुधवार को उपस्थित होने में सक्षम नहीं हैं, इसकी वजहें भी उन्होंने पत्र में लिखी हैं। पत्र में नौशाद आलम के द्वारा एजेंसी के दफ्तर में उपस्थित होने के लिए दूसरी तारीख भी मांगी गई है। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में मुख्य गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी ने 28 नवंबर को लंबी पूछताछ की थी। लेकिन नौशाद आलम के जवाबों से ईडी संतुष्ट नहीं हुई और उन्हें दूसरा समन जारी कर 6 दिसंबर को दोबारा एजेंसी के दफ्तर बुलाया गया था। इससे पहले 28 नवंबर को सुबह 10 बजे नौशाद आलम ईडी दफ्तर पहुचें और रात के 11।45 में बाहर निकले थे। पहले दिन की पूछताछ में ईडी के अधिकांश सवालों का नौशाद आलम के द्वारा गोल मटोल जवाब दिया गया था। इस मामले में ईडी के क्रॉस सवालों का जवाब भी नौशाद आलम ने सही से नहीं दिया। दरअसल एजेंसी यह जानना चाहती है कि आखिरकार नौशाद आलम ने किस पॉलिटिशियन या फिर किस सरकारी अधिकारी के कहने पर विजय हांसदा को सुविधाएं प्रदान करायी। पर्दे के पीछे वे कौन लोग हैं जिनके कहने पर गवाह को प्रभावित करने की कोशिश की गई। मंगलवार को ऐसे सभी सवाल नौशाद आलम से किए गए, लेकिन उन्होंने इन मामलों से जुड़े किसी भी सवाल का जबाब ईडी को नहीं दिया।



## राज्य स्थापना समिति की बैठक 27 दिसंबर को

रांची: शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर विभिन्न जिलों में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक अब अनिवार्य रूप से 20 दिसंबर तक करनी होगी। इन बैठकों में प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण का भी निर्णय लिया जाना है। निर्णय लेकर इसकी अनुशंसा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को की जाएगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर राज्य शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की तिथि भी तय कर दी है। यह बैठक 27 दिसंबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें जिलों से प्राप्त अंतर जिला स्थानांतरण की अनुशंसा पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजकर राज्य स्थापना समिति की प्रस्तावित बैठक की जानकारी दे दी है।

## डीसी ने रद्द किये 100 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस




राष्ट्रीय खबर

**रांची :**रांची जिला प्रशासन ने वैसे आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है, जिनपर हाल के दिनों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। आंकड़े बताते हैं कि रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। इनमें वैसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका लाइसेंस उम्र ज्यादा होने के कारण रद्द किया गया है। कई लोगों ने अपनी स्वेच्छा से भी आर्म्स के लाइसेंस को सरेंडर किया है। वहीं जिला प्रशाशन कई ऐसे लाइंसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है, जिनके खिलाफ हथियार के दुरूपयोग की शिकायत आई है। आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी हथियार का लाइसेंस लेने की चाहत रखने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। जानकारी के मुताबिक, हर महीने रांची में हथियार के लाइसेंस के लिए लगभग 30 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। लेकिन सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने और सभी अहर्ताओं को पूरा करने वाले लोगों को ही लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसकी संख्या काफी कम है। फिलहाल 350 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस के आवेदन लंबित हैं।

## सिविल कोर्ट की सुरक्षा को लेकर बैठक

रांची: एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर रांची की सुरक्षा को लेकर बैठक बुलाई। इस बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एंव अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बुलाया गया। जिनमें मुख्य रूप से कोर्ट कार्य के दौरान सुरक्षा से संबंधित सभी बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसपी सिटी, कोतवाली डीएसपी कोतवाली, थाना प्रभारी कोतवाली और अन्य लोग भी मौजूद थे। इस दौरान सीनियर एसपी ने पुलिस अफसरों-कर्मियों को कई जरूरी निर्देश दिये।

# रांची में पुलिस का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन जवान घायल

राष्ट्रीय खबर

**रांची :**राजधानी में एक अधिकारी को एस्कॉर्ट कर रही पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं। तीनों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। हादसे का कारण पीसीआर गाड़ी का स्टेयरिंग जाम होना बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में यह गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है।जानकारी के मुताबिक, पिठोरिया थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी मानवाधिकार आयोग की अधिकारी सुचित्रा सिन्हा की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे थे। तभी आशंका है कि पीसीआर गाड़ी का स्टेयरिंग जाम हो गया। जिसके कारण यह हादसा हुआ। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। घटना के बाद तीनों पुलिसकर्मियों को तुरंत रिम्स भेजा गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।




**राहत** परिवहन विभाग को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# एफएफपी बिल्डिंग कार्यालय की संपत्ति अटैच करने के लोअर कोर्ट के फैसले पर रोक

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड के परिवहन विभाग को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। कमर्शियल कोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थिति कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने का आदेश दिया था। आदेश के बाद 5 दिसंबर को कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने की कवायद की गई थी। इसके खिलाफ परिवहन विभाग ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि आज सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने मेसर्स के। एस। सॉफ्टनेट सॉल्यूसन्स प्रा। लि। को चार सप्ताह के भीतर प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने बताया कि हाईकोर्ट से रिलीफ मिल गई है। उनसे पूछा गया कि आखिर ऐसी नौबत किस वजह से आई, इसपर उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।बता दें कि यह मामला 2004 का है। तब तत्कालीन राज्य सरकार ने राज्य में नौ इंटिग्रेटेड चेकपोस्ट बनाने के लिए टेंडर निकाला था। चेकपोस्ट बनाने का ठेका के। एस। सॉफ्टनेट सोल्यूशन्स प्रा।लि। को मिला था। लेकिन राज्य सरकार की लापरवाही के कारण कंपनी को सिर्फ पांच जगहों पर ही चेकपोस्ट बनाने का काम मिल पाया। बाकी चार जगहों पर जमीन का अधिग्रहण नहीं हो पाया। इसकी वजह से कंपनी द्वारा खरीदी गई सामग्री बर्बाद हो गई।

सरकार ने 2013 में चेकपोस्ट के प्रपोजल को ड्रॉप कर दिया। तब कंपनी ने राज्य सरकार से अपने नुकसान का हजार्ना मांगा। राज्य सरकार ने साल 2017 में माना कि कंपनी को हजार्ने के तौर पर 11 करोड़ रु। दिए जाएंगे। लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद कंपनी को पैसा नहीं मिला। इसके बाद कंपनी ने सिविल कोर्ट परिसर स्थिति कमर्शियल कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट की कार्रवाई के बावजूद कंपनी को पैसा नहीं लौटाने पर कोर्ट के आदेश से गठित जिला प्रशासन की टीम ने परिवहन विभाग कार्यालय की संपत्ति अटैच करने का आदेश दे दिया। आपको बता दें कि लोअर कोर्ट ने 13 जुलाई के बाद 24 नवंबर को संपत्ति अटैच करने का आदेश दिया था। लेकिन प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रशासन से सहयोग नहीं मिल रहा था।





